सोमवार, 27 अक्टूबर 2025

**मौसम**



तापमान 25 – 34
आर्द्रता 75%
सूर्योदय: 5:38 सूर्यास्त: 17:03

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, कार्तिक शुक्लपक्ष पंचमी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : धन आने पर इंसान खुद को भूल जाता है और जाने पर जमाना उसे भूल जाता है।



छठ पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं




RED-X
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

### लोक आस्था का महापर्व छठ हुआ शुरू

# आज अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देंगे श्रद्धालु

■ **मुख्यमंत्री ममता दही घाट में होंगी व्रतियों के बीच मौजूद**



छठ पर्व के दूसरे दिन खरना अनुष्ठान के दौरान एक श्रद्धालु दूसरी श्रद्धालु को सिंदूर लगाती हुई।

**कोलकाता, समाज्ञा :** लोक आस्था और सूर्योपासना का अनुपम पर्व छठ पूजा रविवार को पश्चिम बंगाल में श्रद्धा और भक्ति के साथ शुरू हो गया। छठ पर्व के पहले दिन रविवार को व्रतियों ने नहाए-खाए की रस्म निभाते हुए रसिआव (खीर)-रोटी का सेवन किया। आज से छठव्रती 36 घंटे के निर्जला उपवास में रहेंगी, जो मंगलवार को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ पूरा होगा। इसके साथ ही घाटों और इलाकों में इस पर्व के अवसर पर सजाया गया है। राज्य भर में कोलकाता, हावड़ा, हुगली, उत्तर और दक्षिण 24 परगना जिलों में गंगा घाटों, तालाबों तथा जलाशयों को सजाया-संवारा जा रहा है। सोमवार को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने के लिए लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं के घाट पर एकत्रित होने की संभावना है। नगर निगम और प्रशासन की ओर से घाटों की सफाई, लाइटिंग, बैरिकेडिंग और माइकिंग की व्यापक व्यवस्था की गई है। पुलिस ने सुरक्षा के मद्देनजर चप्पे-चप्पे पर निगरानी बढ़ा दी है, वहीं कोलकाता पुलिस की रिवर पेट्रोलिंग टीम गंगा नदी में लगातार गश्त कर रही है ताकि किसी भी तरह की अप्रिय घटना से बचा जा सके। कोलकाता समेत हावड़ा, हुगली, उत्तर और दक्षिण 24 परगना, पूर्व और पश्चिम मेदिनीपुर तथा उत्तर बंगाल में बड़ी संख्या में रहने वाले हिंदी भाषी लोग छठ पूजा करते हैं। इस दौरान सुरक्षा के लिए अतिरिक्त संख्या में पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। सोमवार की शाम व्रती महिलाएं रंग-बिरंगी साड़ियों में सुसज्जित होकर शूप में फल, नारियल, सेव, केला और नाशपाती समेत पांच प्रकार के फल सजाकर नदी व तालाबों में उतरेंगी और डूबते सूर्य को अर्घ्य देंगी। इसके अगले दिन उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ छठ पूजा का समापन होगा। आज शाम राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी दही घाट सहित गंगा घाटों में छठ पर्व पर छठ व्रतियों के बीच मौजूद होंगी। वह हर साल गंगा घाटों पर आती है और छठ पूजन पर शामिल होती है। हालांकि, सीएम ममता बनर्जी के गंगा घाट में मौजूद रहने को लेकर नवान्न से अधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है।

## निर्वाचन आयोग आज शाम मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर संवाददाता सम्मेलन करेगा

**नयी दिल्ली :** निर्वाचन आयोग देशव्यापी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की घोषणा करने के लिए आज शाम को संवाददाता सम्मेलन करेगा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पूरी जानकारी का हालांकि अभी इंतजार है, लेकिन निर्वाचन आयोग द्वारा एसआईआर के पहले चरण की घोषणा किये जाने की संभावना है, जिसमें 10 से 15 राज्य शामिल होंगे। इनमें वे राज्य भी शामिल होंगे जहां 2026 में विधानसभा चुनाव होने हैं।

# चेतला में युवक की गले में लोहे की रॉड घोंपकर हत्या, दो गिरफ्तार

**हत्याकांड के कुछ घंटे बाद ही ओसी का तबादला**



मृतक

**कोलकाता, समाज्ञा :** महानगर के चेतला में शनिवार की रात शराब पीने के दौरान हुए विवाद में एक युवक की गले में लोहे की रॉड घोंप कर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान अशोक पासवान के रूप में हुई है। सूत्रों के अनुसार, चेतला 17ए/17बी बस स्टैंड के पास शनिवार की रात बस स्टैंड के नजदीक ही कुछ स्थानीय लोग शराब पार्टी कर रहे थे। उसी दौरान किसी बात को लेकर अशोक पासवान का एक युवक से झगड़ा हो गया। झगड़ा बढ़ते ही आरोपित ने लोहे की रॉड उठाकर अशोक के गले में घोंप दी। गंभीर रूप से घायल अशोक लहूलुहान हालत में करीब सौ मीटर तक भागा, लेकिन सड़क पर ही गिर पड़ा। स्थानीय लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही चेतला थाना पुलिस मौके पर पहुंची। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। जिस वार्ड में उक्त हत्या की घटना घटी है वह मेयर फिरहाद हकीम का वार्ड है। मामले पर स्थानीय लोगों में दहशत में है। इधर, घटना के कुछ घंटे बाद ही एसी स्तर के अधिकारी सुखेंदु मुखर्जी जो कि चेतला थाने के ओसी का अतिरिक्त पद सम्भाल रहें थे, को चेतला के ओसी के पद से हटा दिया गया है। हालांकि, अधिकारिक तौर पर पुलिस या राज्य सचिवालय के तरफ से उक्त मामले में सम्बंधित कोई बयान जारी नहीं किया गया है। मामले पर कोलकाता पुलिस के एक एक असिस्टेंट कमिश्नर ने बताया कि घटना में कुछ ही घंटे बाद ही दो लोग गिरफ्तार कर लिये गए हैं। घटना की गंभीरता का पता इसी से चलता है कि वारदात के बाद पुलिस कमिश्नर मनोज वर्मा खुद इलाके में पहुंचे। चेतला के नए ओसी अमिताभ सर्खेल को बनाया गया है। वे अलीपुर थाने के अतिरिक्त ओसी के पद पर कार्यरत थे। घटना के बाद, चेतला थाने के ओसी में फेरबदल को लेकर कई तरह की अटकलें लगाई जा रही थीं। हालांकि, पुलिस का दावा है कि यह एक नियमित तबादला है। इसमें कोई अटकलें नहीं हैं।

# भारत में शून्य दाखिला वाले लगभग 8,000 विद्यालयों में 20,000 शिक्षक कार्यरत हैं: मंत्रालय आंकड़ा



■ **पश्चिम बंगाल में सबसे अधिक 'शून्य दाखिला' वाले स्कूल, 17,965 शिक्षक बिना छात्रों के कार्यरत**

**नयी दिल्ली :** देशभर में करीब 8,000 विद्यालयों में 2024-25 शैक्षणिक सत्र के दौरान कोई दाखिला नहीं हुआ और इनमें से सबसे अधिक विद्यालय पश्चिम बंगाल में और उसके बाद तेलंगाना में हैं। यह जानकारी आधिकारिक आंकड़े से मिली। शून्य दाखिले वाले स्कूल में कुल 20,817 शिक्षक कार्यरत थे। पश्चिम बंगाल में ऐसे शिक्षकों की संख्या 17,965 थी और बिना दाखिले वाले स्कूल की संख्या सबसे अधिक (3,812) थी। शिक्षा मंत्रालय के आंकड़े के अनुसार, 7,993 स्कूल में कोई दाखिला नहीं हुआ जो पिछले वर्ष की 12,954 की संख्या से 5,000 से अधिक कम है। इस बीच, हरियाणा, महाराष्ट्र, गोवा, असम, हिमाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़, नगालैंड, सिक्किम और त्रिपुरा में ऐसा कोई स्कूल नहीं था। एक वरिष्ठ अधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, स्कूली शिक्षा राज्य का विषय है, राज्यों को विद्यालयों में शून्य दाखिले के मुद्दे का समाधान करने की सलाह दी गई है। कुछ राज्यों ने बुनियादी ढांचे और कर्मचारियों जैसे संसाधनों के इष्टतम उपयोग के लिए कुछ विद्यालयों का विलय कर दिया है।'' आंकड़े के अनुसार, पुडुचेरी, लक्षद्वीप, दादरा और नगर हवेली, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, दमन और दीव तथा चंडीगढ़ जैसे केंद्र शासित प्रदेशों में कोई भी स्कूल शून्य दाखिले वाला नहीं था। दिल्ली में भी कोई भी स्कूल ऐसा नहीं था जहां 2024-25 में शून्य दाखिला हो। ऐसे विद्यालयों की दूसरी सबसे बड़ी संख्या तेलंगाना (2,245) में है। उसके बाद मध्य प्रदेश (463) का स्थान है। तेलंगाना में इन विद्यालयों में 1,016 शिक्षक कार्यरत थे, जबकि मध्य प्रदेश में 223 शिक्षक कार्यरत थे। उत्तर प्रदेश में ऐसे 81 स्कूल हैं। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) ने घोषणा की थी कि वह राज्य भर में अपने ऐसे संबद्ध विद्यालयों की मान्यता रद्द करने की तैयारी कर रहा है, जिन्होंने पिछले तीन लगातार शैक्षणिक वर्षों से शून्य छात्र पंजीकृत दर्ज किया है। देश भर में 33 लाख से अधिक छात्र एक लाख से अधिक एकल-शिक्षक विद्यालयों में पंजीकृत हैं, आंध्र प्रदेश में इन विद्यालयों की सबसे अधिक संख्या दर्ज की गई है। इसके बाद उत्तर प्रदेश, झारखंड, महाराष्ट्र, कर्नाटक और लक्षद्वीप का स्थान है। हालांकि, जब एकल शिक्षक वाले विद्यालयों में छात्रों के पंजीकरण की बात आती है, तो उत्तर प्रदेश सूची में सबसे ऊपर है, उसके बाद झारखंड, पश्चिम बंगाल और मध्य प्रदेश का स्थान है। एकल-शिक्षक विद्यालयों की संख्या 2022-23 में 1,18,190 से 2023-24 में घटकर 1,10,971 हो गई। इसमें लगभग छह प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।

# चार साल बाद कोलकाता और चीन के ग्वांगझोउ के बीच फिर से शुरू हुई सीधी उड़ान सेवा



■ **कोरोना महामारी के कारण चार साल पहले बंद कर दी गई थी दोनों देशों के बीच विमान सेवा**

**कोलकाता :** कोलकाता और चीन के ग्वांगझोउ शहर के बीच चार साल से अधिक समय के अंतराल के बाद सीधी उड़ान सेवा रविवार से फिर से शुरू हुईं। कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के प्रवक्ता ने बताया कि पहली उड़ान रविवार रात 10 बजे कोलकाता से ग्वांगझोउ के लिए रवाना हुई। पहली उड़ान में कुल 188 यात्री सवार थे। प्रवक्ता ने बताया कि कोलकाता और ग्वांगझोउ के बीच इंडिगो एयरलाइंस की यह नान स्टाप विमान सेवा रोजाना यानी सप्ताह में सभी दिन उपलब्ध रहेगी। दोनों देशों के बीच 2020 की शुरुआत तक सीधी उड़ानें जारी थीं, लेकिन कोविड-19 महामारी के कारण इन्हें निलंबित कर दिया गया था। इसके बाद पूर्वी लद्दाख में सीमा विवाद व दोनों देशों के सैनिकों में झड़प की घटना के कारण ये सेवाएं निलंबित रहीं। हाल ही में कूटनीतिक प्रयासों के बाद निजी विमानन कंपनी इंडिगो ने चीन के लिए अपनी सेवाएं फिर से शुरू करने की घोषणा की, जो कोलकाता को ग्वांगझोउ से जोड़ेगी।

## इसरो दो नवंबर को संचार उपग्रह प्रक्षेपित करेगा

**बेंगलुरु :** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने रविवार को कहा कि श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से दो नवंबर को एलवीएम3 प्रक्षेपण यान के जरिये सीएमएस-03 संचार उपग्रह को प्रक्षेपित किया जाएगा। इसरो ने एक बयान में कहा, ''भारत का एलवीएम3 प्रक्षेपण यान दो नवंबर 2025 को अपनी पांचवीं उड़ान (एलवीएम3-एम5) में सीएमएस-03 संचार उपग्रह को कक्षा में स्थापित करने जा रहा है।'' अंतरिक्ष एजेंसी के अनुसार, सीएमएस-03 एक बहु-बैंड संचार उपग्रह है जिसे भारतीय भूभाग सहित एक विस्तृत समुद्री क्षेत्र में सेवाएं प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है।

# समाज में एकता और सहयोग का संदेश देती है छठ पूजा: राष्ट्रपति मुर्मू

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने रविवार को देशवासियों को छठ पूजा की शुभकामनाएं दीं। मुर्मू ने अपने संदेश में कहा, छठ पूजा के पावन अवसर पर मैं सभी देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं।'' उन्होंने कहा, ''इस पर्व पर सूर्य उपासना के साथ ही नदियों, तालाबों एवं जलस्रोतों की आराधना की जाती है। हम प्रकृति के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करते हैं और परिवार के कल्याण के लिए प्रार्थना करते हैं।'' उन्होंने कहा, ''यह पर्व स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी देता है। समाज में एकता, सहयोग और सामूहिक सहभागिता की भावना को छठ पूजा और भी मजबूत करती है।'' उन्होंने कहा, ''इस पावन अवसर पर मैं सभी देशवासियों के सुख और समृद्धि की मंगलकामना करती हूं।''

## उचित मूल्य में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की नी-रिप्लेसमेंट सर्जरी

**सलाह दे रहे हैं विख्यात ऑर्थोपेडिक एवं जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन**



**DR. SANTOSH KUMAR**
Consultant Orthopaedic & Joint Replacement Surgeon
Head, Institute of Computer Assisted
Joint Replacement Surgery, BELLE VUE CLINIC & WOODLANDS HOSPITAL

हमारे समाज में, विशेषकर व्यस्क व्यक्तियों के चलने-फिरने की समस्या का प्रमुख कारण है नी-आरथ्राइटिस। इस प्रकार की समस्याओं को प्राथमिक स्तर पर औषधियों और फिजियोथेरापी से ठीक करना मुमकिन तो है, पर समस्या जटिल होने पर **घुटने का प्रत्यारोपण या नी-रिप्लेसमेंट** ही एकमात्र निश्चित समाधान है।

मेरे तत्वावधान में नी-रिप्लेसमेंट पद्धति बिल्कुल पूर्वनिर्धारित (प्रेडिक्टेबल) है। सबसे पहले हम हर प्रकार के प्रिऑपरेटिव इन्वेस्टिगेशन करते हैं जैसे कि विभिन्न प्रकार के ब्लड टेस्ट, यूरिन टेस्ट, ईसीजी, इकोकार्डियोग्राफ इत्यादि। मेरे यहाँ रोगियों की सुरक्षा को सबसे अधिक प्राथमिकता दी जाती है। हमारे साथ हैं अनुभवी मेडिसिन चिकित्सक, कार्डियोलॉजिस्ट से सम्मिलित एक पूर्ण समर्पित टीम। सर्जरी के पहले, सर्जरी के दौरान और सर्जरी के बाद भी चिकित्सा से जुड़ी सभी जरूरतों का पूरा ख्या रखना ही हमारी टीम वर्क की सफलता सुनिश्चित करता है।

सम्पूर्ण उपयुक्त (प्रिसिशनल) सर्जरी और इसके बाद रोगी के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के उद्देश्य से मैं कम्प्यूटर एसिस्टेड मिनिमली इनवेसिव सर्जरी करता हूँ। रोगी अपनी सम्पूर्ण चिकित्सा में एक दर्दरहित अनुभव का एहसास कर पाएं, मैं इसका पूरा ख्याल रहता हूँ। सर्जरी के बाद रोगी घुटने को मोड़ पाएं और जमीन पर बैठ पाएं, इसके लिए में 'Rotation Platform High Flexion Knees' का इस्तेमाल करता हूँ। सर्जरी के दूसरे दिन से ही रोगी चल-फिर सकते हैं और तीन दिनों में घर वापस जा सकते हैं। मैं हर श्रेणी और हर प्रकार की बीमा कराए व्यक्तियों की सर्जरी करता हूँ और वे सभी व्यक्ति जो किसी बीमा संस्था के दायरे में नहीं आते हैं, उनकी सर्जरी भी बहुत उचित मूल्य में करता हूँ। किसी रोगी की आर्थिक समस्या के बारे में पता चलने पर, मैं उसकी समस्या का भी समाधान करने के लिए हमेशा प्रयासरत रहता हूँ।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:
DR. SANTOSH KUMAR KNEE FOUNDATION
✆ : 98319 11584 / 98312 66632

e-mail : santdr@gmail.com
www.drsantoshkumarortho.com
www.mykneemylife.org
Floow : facebook.com/poorvaorthopedic
www.twitter.com/poorvaortho

# विश्व स्तर पर लोकप्रिय हो रही है भारतीय कॉफी : मोदी



**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि कर्नाटक, तमिलनाडु और केरल सहित देश के विभिन्न राज्यों में उगाई जाने वाली कॉफी विश्व स्तर पर लोकप्रिय हो रही है। प्रधानमंत्री ने अपने मासिक रेडियो संबोधन 'मन की बात' के 127वें संस्करण में यह भी कहा कि पूर्वोत्तर भी कॉफी की खेती में आगे बढ़ रहा है और इससे दुनिया भर में भारतीय कॉफी की पहचान और मजबूत हो रही है। उन्होंने कहा, ''दुनिया भर में भारत की कॉफी बहुत लोकप्रिय हो रही है। चाहे कर्नाटक में चिकमंगलुरु, कुर्ग और हासन हो या तमिलनाडु में पुलनी, शेवरॉय, नीलगिरी और अन्नामलाई के इलाके हों। कर्नाटक-तमिलनाडु सीमा पर नीलगिरि क्षेत्र हो या फिर केरल में वायनाड, त्रावणकोर और मालाबार के इलाके हों – भारत की कॉफी की विविधता देखते ही बनती है।'' मोदी ने आगे बताया कि कि कोरापुट (ओडिशा) की कॉफी भी लोकप्रियता हासिल कर रही है। कुछ लोगों ने कॉफी की खेती के अपने जुनून को पूरा करने के लिए आकर्षक कॉरपोरेट नौकरियां छोड़ दी हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, ''उन्हें कॉफी इतनी पसंद आई कि वे इस क्षेत्र में आ गए और अब इसमें सफलतापूर्वक काम कर रहे हैं। कई महिलाएं भी हैं, जिनके जीवन में कॉफी की वजह से सुखद बदलाव आया है।'' कोरापुट क्षेत्र अपनी अनूठी कृषि-जलवायु के लिए जाना जाता है जो उच्च गुणवत्ता वाली अरेबिका कॉफी के लिए उपयुक्त हैं। राज्य में लगभग 5,000 हेक्टेयर भूमि पर कॉफी की खेती होती है।

# अमेरिका पाकिस्तान के साथ रणनीतिक संबंध बढ़ाना चाहता है लेकिन भारत की कीमत पर नहीं : रुबियो



**वाशिंगटन :** अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा है कि उनका देश पाकिस्तान के साथ अपने रणनीतिक संबंधों को बढ़ाने का इच्छुक तो है, लेकिन यह भारत के साथ उसके ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण संबंधों की कीमत पर नहीं होगा। रुबियो ने सोमवार को कुआलालंपुर में विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ निर्धारित बैठक से पहले रूस के साथ भारत के ऊर्जा संबंधों का जिक्र करते हुए कहा कि नयी दिल्ली ने पहले ही कच्चे तेल की खरीद में विविधता लाने की इच्छा व्यक्त की है। अमेरिकी विदेश मंत्री आसियान (दक्षिण पूर्व एशियाई राष्ट्र संघ) शिखर सम्मेलन के लिए मलेशिया की अपनी यात्रा से पहले संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे। रुबियो ने पाकिस्तान के साथ अमेरिका के संबंधों पर पूछे गए एक सवाल के जवाब में कहा कि भारत ''स्पष्ट कारणों से चिंतित है'' और अमेरिका का पाकिस्तान के साथ संबंध नयी दिल्ली के साथ संबंधों की कीमत पर नहीं होगा। उन्होंने कहा, ''लेकिन, मुझे लगता है कि उसे (भारत को) यह समझना होगा कि हमें कई अलग-अलग देशों के साथ संबंध रखने हैं। हम पाकिस्तान के साथ अपने रणनीतिक संबंधों को बढ़ाने का अवसर देखते हैं।'' रुबियो ने कहा, ''मुझे लगता है कि कूटनीति और उस तरह की चीजों के मामले में भारतीय बहुत परिपक्व हैं। देखिए, उनके कुछ ऐसे देशों के साथ रिश्ते हैं जिनके साथ हमारे रिश्ते नहीं हैं। इसलिए, यह एक परिपक्व, व्यावहारिक विदेश नीति का हिस्सा है।'' अमेरिकी विदेश मंत्री ने कहा, ''मुझे नहीं लगता कि पाकिस्तान के साथ हम जो कुछ भी कर रहे हैं, वह भारत के साथ हमारे संबंधों या मित्रता की कीमत पर है। भारत के साथ रिश्ते गहरे, ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण हैं।''



## अमेरिका-रूस में संतुलन साधने की चुनौती

सत्ता में आने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप भारत पर चारों तरफ से जिस तरह से दबाव बनाते रहे हैं, उसके निहितार्थ समझना कठिन नहीं है। एक ही मुद्दे पर उनकी नीति चीन-पाकिस्तान व भारत को लेकर अलग-अलग होती है। उनके हालिया कदमों से भारतीय विदेश नीति असहजता के दौर से गुजर रही है। ट्रंप की भारत को मुश्किल में डालने की तमाम घोषणाएं, अब चाहे मनमाना टैरिफ थोपना हो या भारतीय प्रतिभाओं व नागरिकों पर तरह-तरह की बंदिशे लगाना हो, भारतीय जनमानस में नाराजगी का सबब बनती रही हैं। जानकार मानते हैं कि ट्रंप ये दबाव अमेरिका की प्राथमिकताओं के साथ व्यापार समझौते पर भारत को झुकाने के लिये बना रहे हैं। पाकिस्तान के साथ दरियादिली को भी इसी कड़ी के रूप में देखा जाता रहा है। अब इसी कड़ी में रूस से आने वाला सस्ता तेल बंद करवाना ट्रंप प्रशासन की प्राथमिकता बनी है। भारत कहता रहा है कि वह अपने 140 करोड़ भारतीयों की ऊर्जा जरूरतों को अपने बजट में लाने हेतु रूस से सस्ता तेल खरीद रहा है, जिसका रूस-यूक्रेन युद्ध से कोई सरोकार नहीं है। लेकिन भारत की सॉफ्ट विदेश नीति पर दबाव बनाने हेतु ट्रंप प्रशासन कोई कोर-कसर नहीं छोड़ रहा है। इसी कड़ी में रूसी तेल के दो सबसे बड़े आपूर्तिकर्ताओं रोसनेफ्ट और लुकोइल, पर अमेरिकी कड़े प्रतिबंध भारत को की जाने वाली रूसी तेल की आपूर्ति को बाधित कर सकते हैं। संभव है कि भारत के क्रूड ऑयल खरीदने के विकल्प इन प्रतिबंधों से सीमित हो सकते हैं। कुछ राजनीतिक पंडित कयास लगा रहे हैं कि यह कदम अमेरिका के साथ संभावित व्यापार समझौते में एक बड़ी बाधा दूर करने वाला कारक भी साबित हो सकता है। कुछ जानकार राष्ट्रपति ट्रंप की यह घोषणा, रूस-यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने के लिये रुकी हुई वार्ताओं को लेकर बढ़ती निराशा से उपजी बता रहे हैं।

यहां यह उल्लेखनीय है कि वर्ष 2022 में मास्को द्वारा यूक्रेन पर हमला करने के बाद, भारत रियायती रूसी कच्चे तेल का दूसरा बड़ा खरीददार रहा है। वहीं दूसरी ओर वाशिंगटन प्रशासन का आरोप रहा है कि तेल कंपनियां क्रेमलिन की युद्ध मशीन को वित्त-पोषित करने में मदद कर रही हैं। ट्रंप और उनके टीम के सदस्य कई बार भारत पर रूसी तेल खरीदकर यूक्रेन युद्ध में रूस की मदद करने के बेतुके आरोप भी लगाते रहे हैं। जिसके चलते ट्रंप प्रशासन ने रूसी कच्चे तेल का आयात करने पर प्रतिशोध के चलते भारत से आने वाले सामानों पर 25 फीसदी का दंडात्मक शुल्क भी लगाया था। भारत सरकार के लिये यह श्रेय की बात है कि वह रूसी तेल खरीद रोकने के दबाव का दृढ़ता से विरोध करती रही है। भारत सरकार का कहना है कि उसकी प्राथमिकता घरेलू उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करना है। निस्संदेह, भारत को अब एक और कठिन संतुलन साधने की चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में मौजूदा चुनौतियों के बीच यदि एक सुनियोजित पुनर्निधारण की आवश्यकता है, तो ऐसा करना चाहिए। वैसे भारी दबाव के बाद भी मोदी सरकार ने ट्रंप सरकार के बार-बार दिए गए उस बयान से खुद को अलग कर लिया है कि वह रूसी तेल आयात में भारी कमी लाएगी। लेकिन अब नये प्रतिबंधों का पालन करने के लिये भारतीय रिफाइनरियों के लिये अल्पावधि में रूसी तेल सौदों से पीछे हटना निश्चित प्रतीत होने लगा है। आने वाले समय में यह दबाव कितना रहेगा, यह इस बात पर निर्भर करेगा कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और ट्रंप, दोनों इस नवीनतम टकराव को किस हद तक झेलने के लिये तैयार हैं। भारतीय रिफाइनरियां आवश्यकता पड़ने पर आसानी से नये स्रोतों की ओर रुख कर सकती हैं और अमेरिकी टैरिफ में कमी करके महंगे तेल आयात की भरपाई की जा सकती है। भारत के हितों के अनुकूल निर्णय लेने की अपनी स्वायत्तता पर जोर देना, नई दिल्ली के लिये असली चुनौती है। हमने सस्ता रूसी तेल खरीदने में एक अलग राह चुनी। अब समय आ गया है कि प्रतिबंधों का लाभ उठाकर अमेरिका के साथ एक ऐसा व्यापार समझौता किया जाए, जो दोनों देशों के लिये फायदेमंद हो।

# एक पर्व नहीं है महापर्व है छठ पूजा



रमेश सर्राफ धमोरा

दिवाली के बाद छठ पूजा का त्योहार बहुत ही धूमधाम के साथ मनाया जाता है। इस पर्व के दौरान घर से लेकर घाटों तक बेहद खास रौनक देखने को मिलती है। छठ पूजा की शुरुआत कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि से होती है और समापन सप्तमी तिथि पर होता है। इस दौरान छठी मैया की पूजा-अर्चना करने का विशेष महत्व है। इस व्रत को निर्जला किया जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसर छठी मैया की उपासना और व्रत करने से संतान को दीर्घायु का आशीर्वाद प्राप्त होता है और परिवार में सुख-शांति बनी रहती है।

छठ पूजा भगवान सूर्य की उपासना का पर्व है। भारत में सूर्य पूजा की परम्परा वैदिक काल से ही रही है।उत्तर प्रदेश और बिहार में मनाया जाने वाला यह बेहद अहम पर्व है जो पूरे देश में धूम-धाम से मनाया जाता है। छठ पूजा केवल एक पर्व नहीं है बल्कि महापर्व है जो कुल चार दिन तक चलता है। नहाय खाय से लेकर उगते हुए भगवान सूर्य को अर्घ्य देने तक चलने वाले इस पर्व का अपना एक ऐतिहासिक महत्व है।

हमारे देश में सूर्य उपासना के कई प्रसिद्ध लोकपर्व हैं जो अलग-अलग प्रांतों में अलग-अलग रीति-रिवाजों के साथ मनाए जाते हैं। सूर्य षष्ठी के महत्व को देखते हुए इस पर्व को सूर्य छठ या डाला छठ के नाम से संबोधित किया जाता है। इस पर्व को बिहार, झारखंड, पूर्वी उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और नेपाल की तराई समेत देश के उन तमाम महानगरों में मनाया जाता है। जहां-जहां इन प्रांतों के लोग निवास करते हैं। यही नहीं, मॉरिशस, त्रिनिडाड, सुमात्रा, जावा समेत विदेशों में भी भारतीय मूल के प्रवासी छठ पर्व को बड़ी आस्था और धूमधाम से मनाते हैं। डूबते सूर्य की विशेष पूजा ही छठ का पर्व है। चढ़ते सूरज को सभी प्रणाम करते हैं।

छठ पर्व की सांस्कृतिक परम्परा में चार दिन का व्रत रखा जाता है। यह व्रत भैया दूज के तीसरे दिन यानि शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि से आरंभ हो जाते है। व्रत के पहले दिन को नहा-खा कहते हैं। जिसका शाब्दिक अर्थ है स्नान के बाद खाना। इस दिन पवित्र नदी में श्रद्धालु स्नान करते हैं। वैसे तो यह पर्व मूल रूप से गृहिणियों द्वारा मनाया जाता है। लेकिन आजकल पुरुष भी इसमें समान रूप से सहयोग देते हैं।

ऊर्जा का सबसे बड़ा स्रोत सूर्य है। इस कारण शास्त्रों में सूर्य को भगवान मानते हैं। सूर्य के बिना कुछ दिन रहने की जरा कल्पना कीजिए। इनका जीवन के लिए इनका रोज उदित होना जरूरी है। कुछ इसी तरह की परिकल्पना के साथ पूर्वोत्तर भारत के लोग छठ महोत्सव के रूप में इनकी आराधना करते हैं। सामान्यता यह त्योहार बिहार, झारखण्ड और पूर्वी उत्तर-प्रदेश में बहुत ही धूमधाम से मनाया जाता है। उत्तर प्रदेश और बिहार में छठ पूजा को महापर्व घोषित कर सरकारी छुट्टी भी लागू कर दी गई है।

छठ पूजा का व्रत सूर्य भगवान, उषा, प्रकृति, जल, वायु आदि को समर्पित है। इस व्रत को करने से निःसंतान दंपत्तियों को संतान सुख प्राप्त होता है।छठ पर्व को किसने शुरू किया इसके पीछे कई ऐतिहासिक कहानियां प्रचलित हैं। लंका विजय के बाद रामराज्य की स्थापना के दिन कार्तिक शुक्ल षष्ठी को भगवान राम और माता सीता ने उपवास

**27 अक्टूबर छठ पूजा पर विशेष**



किया और सूर्यदेव की आराधना की थी। सप्तमी को सूर्योदय के समय अनुष्ठान कर सूर्यदेव से आशिर्वाद प्राप्त किया था। इसी के उपलक्ष्य में छठ पूजा की जाती है।

छठ का पौराणिक महत्व अनादिकाल से बना हुआ है। रामायण काल में सीता ने गंगा तट पर छठ पूजा की थी। महाभारत काल में कुंती ने भी सरस्वती नदी के तट पर सूर्य पूजा की थी। इसके परिणाम स्वरूप उन्हें पांडवों जैसे पुत्रों का सुख मिला था। द्रौपदी ने भी हस्तिनापुर से निकलकर गढ़ गंगा में छठ पूजा की थी। छठ पूजा का सम्बंध हठयोग से भी है। जिसमें बिना भोजन ग्रहण किए हुए लगातार पानी में खड़ा रहना पड़ता है। जिससे शरीर के अशुद्ध जीवाणु परास्त हो जाते हैं।

छठ पर्व की परम्परा में वैज्ञानिक और ज्योतिषीय महत्व भी छिपा हुआ है। षष्ठी तिथि एक विशेष खगोलीय अवसर है। जिस समय धरती के दक्षिणी गोलार्ध में सूर्य रहता है और दक्षिणायन के सूर्य की अल्ट्रावॉइलट किरणें धरती पर सामान्य से अधिक मात्रा में एकत्रित हो जाती हैं। इन दूषित किरणों का सीधा प्रभाव जनसाधारण की आंखों, पेट, त्वचा आदि पर पड़ता है। इस पर्व के पालन से सूर्य प्रकाश की इन पराबैंगनी किरणों से जनसाधारण को हानि न पहुंचे। इस अभिप्राय से सूर्य पूजा का गूढ़ रहस्य छिपा हुआ है। इसके साथ ही घर-परिवार की सुख- समृद्धि और आरोग्यता से भी छठ पूजा का व्रत जुड़ा हुआ है। इस व्रत का मुख्य उद्देश्य पति, पत्नी, पुत्र, पौत्र सहित सभी परिजनों के लिए मंगल कामना से भी जुड़ा हुआ है।

लोक परम्परा के मुताबिक सूर्य देव और छठी मईया का संबंध भाई-बहन का है। इसलिए छठ के मौके पर सूर्य की आराधना फलदायी मानी गई। छठ पूजा अथवा छठ पर्व कार्तिक शुक्ल पक्ष की षष्ठी को मनाया जाता है। छठ से जुड़ी पौराणिक मान्यताओं और लोक गाथाओं पर गौर करें तो पता चलता है कि भारत के आदिकालीन सूर्यवंशी राजाओं का यह मुख्य पर्व था। छठ के साथ स्कंद पूजा की भी परम्परा जुड़ी है। भगवान शिव के तेज से उत्पन्न बालक स्कंद की छह कृतिकाओं ने स्तनपान करा रक्षा की थी। इसी कारण स्कंद के छह मुख हैं और उन्हें कार्तिकेय नाम से पुकारा जाने लगा। कार्तिक से संबंध होने के कारण षष्ठी देवी को स्कंद की पत्नी देवसेना नाम से भी पूजा जाने लगा।

एक मान्यता के अनुसार छठ पर्व की शुरुआत महाभारत काल में सबसे पहले सूर्यपुत्र कर्ण ने सूर्य की पूजा करके की थी। कर्ण भगवान सूर्य के परम भक्त थे और वो रोज घंटों कमर तक पानी में खड़े होकर सूर्य को अर्घ्य देते थे। सूर्य की कृपा से ही वह महान योद्धा बने। आज भी छठ में अर्घ्य दान की यही परंपरा प्रचलित है। छठ पर्व के बारे मे एक कथा और भी है। इस कथा के मुताबिक जब पांडव अपना सारा राजपाट जुए में हार गए तब दौपदी ने छठ व्रत रखा था। इस व्रत से उनकी मनोकामना पूरी हुई थी और पांडवों को अपना राजपाट वापस मिल गया था।

महापर्व छठ हिंदू धर्म में एकमात्र ऐसा पर्व है जिसमें ना केवल उदयाचल सूर्य की पूजा की जाती है बल्कि अस्ताचलगामी सूर्य को भी पूजा जाता है। मान्यता है कि छठ देवी सूर्य देव की बहन हैं और उन्हीं को प्रसन्न करने के लिए भगवान सूर्य की अराधना की जाती है। पर्व का प्रारंभ नहाय-खाय से होता है, जिस दिन व्रती स्नान कर अरवा चावल, चना दाल और कद्दू की सब्जी का भोजन करते हैं। नहाय-खाय के दूसरे दिन यानी कार्तिक शुक्ल पक्ष पंचमी के दिनभर व्रती उपवास कर शाम में रोटी और गुड़ से बनी खीर का प्रसाद ग्रहण करते हैं। इस पूजा को खरना कहा जाता है। इसके अगले दिन कार्तिक शुक्ल पक्ष षष्ठी तिथि को उपवास रखकर शाम को अस्ताचल गामी सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है। अगले दिन यानी सप्तमी तिथि को सुबह उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करके व्रत तोड़ा जाता है।

छठ पूजा के व्रत को जो भी रखता है। वह इन दिनों में जल भी नही ग्रहण करता है। इस व्रत को करने से सुख-समृद्धि और सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। इस पूजा वैसे तो मुख्य रुप से स्र्र्य देवता की पूजा की जाती है। लेकिन साथ ही सूर्य देव की बहन छठ देवी की भी पूजा की जाती है। जिसके कारण इस पूजा का नाम छठ पूजा पड़ा। इस दिन नदी के तट में पहुंचकर पुरुष और महिलाएं पूजा-पाठ करते है। साथ ही छठ माता की पूजा को आपके संतान के लिए भी कल्याणकारी होती है।

(लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं।)

## समाज्ञा व्यापार

# 2026 आसियान-भारत समुद्री सहयोग का वर्ष होगा: प्रधानमंत्री मोदी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि भारत-आसियान व्यापक रणनीतिक साझेदारी वैश्विक स्थिरता और वृद्धि के लिए एक शक्तिशाली आधार के रूप में उभर रही है। मोदी ने भारत-आसियान (दक्षिण पूर्व एशियाई राष्ट्र संघ) के वार्षिक शिखर सम्मेलन को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये संबोधित करते हुए कहा कि यह समूह नयी दिल्ली की 'एक्ट ईस्ट' नीति का एक प्रमुख स्तंभ है। उन्होंने कहा, ''भारत ने हमेशा 'आसियान केंद्रीयता' और हिंद-प्रशांत क्षेत्र पर आसियान के नजरिये का पूरा समर्थन किया है।''



मलेशिया इस समय समूह के वर्तमान अध्यक्ष के रूप में कुआलालंपुर में वार्षिक आसियान शिखर सम्मेलन और संबंधित बैठकों की मेजबानी कर रहा है। मलेशियाई प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने अपने संबोधन में कहा कि आसियान-भारत वस्तु व्यापार समझौते (एआईटीआईजीए) में कुछ वास्तविक प्रगति हुई है और समूह इसे इस साल तक पूरा करना चाहता है। मोदी ने कहा, ''अनिश्चितता के इस दौर में भी, भारत-आसियान व्यापक रणनीतिक साझेदारी ने लगातार प्रगति की है। हमारी मजबूत साझेदारी वैश्विक स्थिरता और वृद्धि के लिए एक शक्तिशाली आधार के रूप में उभर रही है।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत हर संकट में ''अपने आसियान मित्रों के साथ मजबूती से खड़ा रहा है'' और समुद्री सुरक्षा तथा नीली अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि इसके मद्देजनर ''हम 2026 को आसियान-भारत समुद्री सहयोग वर्ष घोषित कर रहे हैं।'' मोदी ने आगे कहा, ''हम शिक्षा, पर्यटन, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य, हरित ऊर्जा और साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में आपसी सहयोग को भी तेजी से आगे बढ़ा रहे हैं। हम अपनी साझा सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने और लोगों के बीच संबंधों को मजबूत करने के लिए मिलकर काम करते रहेंगे।''

## दिल्ली हवाई अड्डे के टी1, टी3 के बीच आसान संपर्क के लिए बनेगा नया मेट्रो स्टेशन

**नयी दिल्ली :** दिल्ली हवाई अड्डे के टर्मिनल-1 और टर्मिनल-3 के बीच बेहतर संपर्क के लिए एक नया मेट्रो स्टेशन बनाया जाएगा। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। देश के सबसे व्यस्त दिल्ली हवाई अड्डे के तीन टर्मिनलों में से टर्मिनल-2 और टर्मिनल-3 एक-दूसरे के करीब हैं, जबकि टर्मिनल-1 कुछ किलोमीटर दूर है। दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डीआईएएल) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विदेह कुमार जयपुरियार ने 'पीटीआई-भाषा' को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि एरोसिटी और टी-1 के बीच संपर्क प्रदान करने के लिए नया एकीकृत स्टेशन बनाने की योजना है।

## एसबीआई अगले पांच महीनों में 3,500 अधिकारियों की नियुक्ति करेगा

**नयी दिल्ली :** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) अपने परिचालन को मजबूत करने और देश भर में सेवा वितरण को बेहतर बनाने के लिए लगभग 3,500 अधिकारियों की नियुक्ति करने की योजना बना रहा है। देश के सबसे बड़े बैंक के उप प्रबंध निदेशक (मानव संसाधन) और मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) किशोर कुमार पोलुदासु ने पीटीआई-भाषा को एक साक्षात्कार में बताया कि बैंक ने जून में 505 परिवीक्षाधीन अधिकारियों (पीओ) की भर्ती की है। उन्होंने बताया, ''इतनी ही संख्या में रिक्तियों को भरने की प्रक्रिया जारी है... आवेदन प्राप्त हो गए हैं।''

## एलआईसी ने नहीं, अमेरिका बीमा फर्मों ने किया है अदाणी की कंपनियों में सबसे ज्यादा निवेश

**नयी दिल्ली :** अदाणी समूह की कंपनियों में भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का निवेश भले ही सुर्खियों में हो, लेकिन हालिया आंकड़े बताते हैं कि अरबपति गौतम अदाणी द्वारा नियंत्रित इकाइयों में कुछ सबसे बड़े निवेश सरकारी बीमा कंपनी से नहीं, बल्कि प्रमुख अमेरिकी और वैश्विक बीमा कंपनियों से आए हैं। जून, 2025 में, अदाणी पोर्ट्स एंड एसईजेड में भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) द्वारा 57 करोड़ अमेरिकी डॉलर (5,000 करोड़ रुपये) के निवेश के एक महीने बाद, अमेरिका स्थित एथेन इंश्योरेंस ने अदाणी के मुबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे में 6,650 करोड़ रुपये (75 करोड़ डॉलर) के ऋण निवेश का नेतृत्व किया, जिसमें कई प्रमुख अंतरराष्ट्रीय बीमा कंपनियां शामिल हुईं। एथेन की मूल कंपनी – अपोलो ग्लोबल मैनेजमेंट – ने 23 जून को एक बयान में कहा कि उसके प्रबंधित फंड, सहयोगी और अन्य दीर्घकालिक निवेशकों ने मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड (मायल) के लिए 75 करोड़ डॉलर का 'निवेश ग्रेड रेटेड वित्तपोषण' पूरा कर लिया है। यह अपोलो द्वारा मायल के लिए दूसरा बड़ा वित्तपोषण था।

## भारत 28 अक्टूबर से एशिया प्रशांत क्षेत्र के विमान दुर्घटना जांचकर्ताओं की बैठक की मेजबानी करेगा

**नयी दिल्ली :** भारत पहली बार 28-31 अक्टूबर तक राष्ट्रीय राजधानी में एशिया-प्रशांत क्षेत्र के विमान दुर्घटना जांचकर्ताओं की बैठक की मेजबानी करेगा। रविवार को जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि एशिया प्रशांत दुर्घटना जांच समूह (एपीएसी-एआईजी) में लगभग 90 विमान दुर्घटना जांचकर्ताओं के भाग लेने की उम्मीद है। नागर विमानन मंत्रालय की ओर से विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) इस बैठक की मेजबानी करेगा। एशिया प्रशांत क्षेत्र के आईसीएओ (अंतरराष्ट्रीय नागर विमानन संगठन) के सदस्य देशों के प्रतिनिधि, विभिन्न अंतरराष्ट्रीय संगठनों के साथ इस वार्षिक बैठक में भाग लेते हैं। बयान में कहा गया, ''भारत पहली बार एपीएसी-एआईजी बैठक की मेजबानी करेगा। इसमें एशिया प्रशांत देशों के विमान दुर्घटना जांच अधिकारियों के साथ-साथ आईसीएओ के लगभग 90 प्रतिनिधि भाग लेंगे।'' आमतौर पर इस बैठक की मेजबानी एपीएसी क्षेत्र के आईसीएओ के किसी एक सदस्य देश द्वारा की जाती है। नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू 28 अक्टूबर को इस कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। बैठक में विमान दुर्घटना जांच के विभिन्न पहलुओं, प्रक्रियाओं और रिपोर्टिंग और अन्य बातों पर चर्चा की जाएगी।

## भारतीय हिस्सेदारी वाले तेल क्षेत्र पर अमेरिकी प्रतिबंध के बाद ओवीएल ने कानूनी राय मांगी

**नयी दिल्ली :** ओएनजीसी विदेश लिमिटेड ने (ओवीएल) अमेरिका द्वारा रूसी तेल क्षेत्र पर प्रतिबंध लगाए जाने के बाद कानूनी राय मांगी है। इस तेल क्षेत्र में भारतीय कंपनियों के गठजोड़ की 49.9 प्रतिशत हिस्सेदारी है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 22 अक्टूबर को रूस की दो सबसे बड़ी पेट्रोलियम कंपनियों... रोसनेफ्ट और लुकऑइल के खिलाफ नए प्रतिबंधों की घोषणा की, ताकि रूस पर यूक्रेन के साथ युद्ध समाप्त करने का दबाव बनाया जा सके। इसके तहत, अमेरिकी वित्त विभाग के विदेशी संपत्ति नियंत्रण कार्यालय (ओएफएसी) ने रूस स्थित रोसनेफ्ट और लुकऑइल की कई अनुषंगी कंपनियों को प्रतिबंधित कर दिया, जिनमें उनकी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से 50 प्रतिशत या उससे अधिक हिस्सेदारी थी। इस प्रकार प्रतिबंधित अनुषंगी कंपनियों की सूची में सीजेएससी वैंकोरनेफ्ट शामिल है, जिसमें ओवीएल की 26 प्रतिशत हिस्सेदारी है, और ऑयल इंडिया लिमिटेड (ओआईएल), इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) और भारत पेट्रोरिसोर्सेज लिमिटेड के एक भारतीय गठजोड़ के पास 23.9 प्रतिशत हिस्सेदारी है। शेष 50.1 प्रतिशत हिस्सेदारी रोसनेफ्ट के पास है। ओएफएसी प्रतिबंधों को सीधे तौर पर पढ़ने पर पता चलता है कि ये प्रतिबंध भारतीय कंपनियों पर लागू नहीं होते, लेकिन मामले की प्रत्यक्ष जानकारी रखने वाले दो सूत्रों ने बताया कि ओवीएल घरेलू और अंतरराष्ट्रीय विधि कंपनियों से कानूनी राय ले रही है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वह किसी भी प्रतिबंध का उल्लंघन न करे।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 27 अक्टूबर, सोमवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, कार्तिक शुक्लपक्ष पंचमी, 06:05 तक, नक्षत्र : मूल, 13:17 तक, योग : अतिगंदा, 07:23 तक, सूर्योदय: 05:42, सूर्यास्त: 16:58, चन्द्रोदय : 10:32, चन्द्रास्त: 21:12, शक सम्वत: 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : तुला, चन्द्र राशि : धनु, राहू काल : 07:06 से 08:31

## राशिफल

**मेष :** आज का दिन आपके लिए सेहत पर थोड़ा ध्यान देने के लिए रहेगा और आप अपने घर किसी धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन कर सकते हैं। किसी से मांगकर वाहन चलाने से बचें।

**वृष :** आज आपको कोई निर्णय जल्दबाजी में या भावनाओं में बेहतर लेने से बचना होगा। आप अपने कामों में थोड़ा समझदारी व बुद्धि का प्रयोग करके ही आगे बढ़ें, तो आपके लिए बेहतर रहेगा।

**मिथुन :** आज का दिन सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों के लिए बढ़िया रहने वाला है। आपका मान-सम्मान बढ़ने से आपका मन काफी खुश रहेगा। आपके सुख-साधनों में वृद्धि होगी।

**कर्क :** आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आपको बिजनेस में भी छुटपुट लाभ के अवसरों पर पूरा ध्यान देना होगा। शेयर मार्केट से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

**सिंह :** आज का दिन नौकरी में कार्यरत लोगों के लिए बढ़िया रहने वाला है, उनका प्रमोशन होने से उनका मन काफी खुश रहेगा। आपको कोई दूसरी नौकरी का ऑफर भी आ सकता है।

**कन्या :** आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। परिवार के सदस्यों का आपको पूरा सहयोग मिलेगा। आपको कुछ विशेष व्यक्तियों से मिलने का मौका मिलेगा।

**तुला :** आज आपके कुछ नए विरोधी उत्पन्न हो सकते हैं। सामाजिक कार्यों में आप कोई भी काम थोड़ा समझदारी दिखाते हुए करें, क्योंकि शत्रु छवि खराब करने की कोशिश कर सकते हैं।

**वृश्चिक :** आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपके सामने कुछ खर्च ऐसे आएंगे, जो मजबूरी में ना चाहते हुए भी करने पड़ेंगे।

**धनु :** आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आपका कोई महत्वपूर्ण काम पूरा हो सकता है। आपको किसी काम को लेकर कहीं बाहर जाना पड़ सकता है।

**मकर :** आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। आपको कुछ विशेष व्यक्तियों से मिलने का मौका मिलेगा। आप किसी की कही सुनी बातों पर भरोसा ना करें।

**कुम्भ :** आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। करियर में आपका अच्छा उछाल देखने को मिलेगा। आपका बिजनेस भी पहले से बेहतर रहेगा, जो आपको खुशी देगा।

**मीन :** ाज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। परिवार में किसी नए मेहमान का आगमन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

## वर्ग पहेली नं. 3245

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ■ | 2 | 3 | ■ | 4 | | 5 | | 6 |
| | ■ | 7 | | 8 | | ■ | | ■ | |
| 9 | | | ■ | 10 | | 11 | | ■ | |
| | ■ | ■ | 12 | | ■ | | ■ | 13 | |
| 14 | 15 | 16 | | ■ | 17 | | 18 | | ■ |
| ■ | 19 | | ■ | 20 | ■ | 21 | | | 22 |
| 23 | ■ | 24 | 25 | | 26 | | ■ | | 27 |
| 28 | 29 | ■ | | ■ | | ■ | 30 | ■ | |
| 31 | | | | ■ | 32 | | | | |

*बायें से दायें:-* 2) ब्याज, 4) हो सकता है कि, 7) बिदाई, 9) स्तर; तह, 10) शीतोष्ण, 12) हाथी, 13) प्रत्येक, 14) महकना, 17) भेदभावहीनता, 19) एक तेलहन, 21) फनस, 24) सच्चा; विश्वसनीय, 27) किनारा, 28) एक ग्रह, 31) आश्चर्यभरा कार्य, 32) विचलित होना.

*ऊपर से नीचे:-* 1) बुरा इस्तेमाल, 2) उपाय; मुखमंडल, 3) औषध, 4) घोर और दंडनीय, 5) अन्यथा, 6) घुमक्कड़, 8) एक पांडव, 11) फुलवारी, 12) घूंट भरना, 13) मारे हुए और घायल, 15) बुद्धि, 16) बर्तन पर मुलम्मा, 18) अभिनेता, 20) तीन चौथाई, 22) झूलना, 23) अवश्यमेव, 25) पवन, 26) शामिल, 29) अमिश्रित, 30) मौन.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ब | ■ | द | बा | ना | ■ | जू | ता | खो | र |
| र | वै | या | ■ | दा | स | ता | ■ | खा | ■ |
| स | र | ■ | त | न | या | ■ | औ | ला | द |
| गाँ | ■ | कं | ड़ा | ■ | ना | पा | स | ■ | पं |
| ठ | क | ठ | का | ना | ■ | ■ | त | ह | ■ |
| ■ | मं | ■ | ■ | प | र्व | त | ■ | या | द |
| ■ | ड | रा | व | ना | ■ | क़ा | ■ | त | म |
| दि | ल | ■ | म | ■ | बा | ज़ा | रू | ■ | दा |
| ल्ली | ■ | म | न | स्ता | प | ■ | ठा | कु | र |

## सुडोकू-पहेली-3202

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 3 | | | | | | | |
| 6 | | | 2 | 1 | 5 | | | |
| | | | | 7 | | | | |
| | | | 4 | | | | 9 | |
| 7 | | 4 | | | | 8 | | |
| 5 | | | | | 7 | 6 | | |
| | 4 | | | 6 | | | | |
| | | 1 | | 5 | | 2 | | |
| | | | | | 8 | | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3201 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 1 | 9 | 7 | 3 | 2 | 8 | 4 | 5 |
| 5 | 7 | 2 | 8 | 9 | 4 | 6 | 3 | 1 |
| 3 | 4 | 8 | 5 | 1 | 6 | 7 | 9 | 2 |
| 2 | 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 9 | 7 | 8 |
| 7 | 9 | 3 | 6 | 2 | 8 | 1 | 5 | 4 |
| 1 | 8 | 5 | 9 | 4 | 7 | 2 | 6 | 3 |
| 4 | 5 | 6 | 2 | 8 | 9 | 3 | 1 | 7 |
| 8 | 3 | 7 | 4 | 6 | 1 | 5 | 2 | 9 |
| 9 | 2 | 1 | 3 | 7 | 5 | 4 | 8 | 6 |


घाट की अंतिम तैयारियों में जुटे कर्मी


पूजा सामग्री की खरीदारी करती महिलाएं


पंचवटी के भवानी रेजीडेंसी में खरना पूजन करती छठव्रती

# चुनाव आयोग राज्य में एसआईआर के लिए स्वयंसेवकों की नियुक्ति कर सकता है : अधिकारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** चुनाव आयोग (ईसीआई) राज्य में मतदाता सूचियों के संभावित विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान बूथ-स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) की सहायता के लिए स्वयंसेवकों की नियुक्ति कर सकता है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जल्द ही शुरू होने वाले इस अभियान के लिए प्रत्येक प्रखंड में सरकारी कर्मचारियों में से स्वयंसेवकों का चयन किए जाने की संभावना है। अधिकारी ने कहा कि यह अभी योजना के चरण में है। ये सहायक बीएलओ को गणना फॉर्म भरने में मदद करेंगे और जरूरत पड़ने पर उन्हें विकल्प के तौर पर भी तैनात किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि स्वयंसेवकों को मुख्य रूप से 1,200 से अधिक मतदाताओं वाले मतदान केंद्रों पर तैनात किया जाएगा। अधिकारी ने कहा कि प्रति बूथ मतदाता संख्या की इस सीमा के परिणामस्वरूप, राज्य में मतदान केंद्रों की संख्या लगभग 14,000 बढ़कर मौजूदा 80,000 से लगभग 94,000 हो जाने की संभावना है। उन्होंने बताया कि इस कार्य के लिए कई जिलों के प्रखंड विकास अधिकारियों (बीडीओ) ने स्कूल निरीक्षकों को पत्र लिखकर स्थायी शिक्षकों, लिपिकों और अन्य सरकारी कर्मचारियों की सूची मांगी है, जिन्हें स्वयंसेवक के रूप में नियुक्त किया जा सके। उन्होंने बताया कि संपर्क विवरण के साथ ये सूचियां 29 अक्टूबर तक जमा की जानी हैं।

## तृणमूल पदाधिकारी के बूथ लेवल ऑफिसर बनने पर विवाद, सीईओ ने मांगी रिपोर्ट

डायमंड हार्बर विधानसभा क्षेत्र में तृणमूल कांग्रेस के एक पदाधिकारी का नाम बूथ लेवल ऑफिसर्स (बीएलओ) की सूची में शामिल किए जाने के आरोप पर राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) के कार्यालय ने विस्तृत रिपोर्ट तलब की है। नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने इस मुद्दे को चुनाव आयोग के समक्ष उठाया था। उन्होंने आरोप लगाया था कि डायमंड हार्बर इलाके में शासक दल के पदाधिकारियों को बीएलओ की सूची में शामिल किया गया है। इस संदर्भ में उन्होंने एक उदाहरण देते हुए बताया कि मोहम्मद आलाउद्दीन मोल्ला, जो क्षेत्रीय स्तर पर तृणमूल के पदाधिकारी हैं, उनका नाम डायमंड हार्बर विधानसभा क्षेत्र के बीएलओ की सूची में शामिल है। शुभेंदु अधिकारी ने यह भी बताया कि आलाउद्दीन मोल्ला की पत्नी लियाला बीबी डायमंड हार्बर ब्लॉक नंबर दो की निर्वाचित तृणमूल पंचायत सदस्य हैं। उन्होंने शनिवार को चेतावनी दी कि यदि ऐसे राजनीतिक रूप से संबद्ध व्यक्ति बीएलओ की सूची में बने रहते हैं, तो चुनाव प्रक्रिया में हेराफेरी की पूरी संभावना है। शुभेंदु अधिकारी द्वारा मुद्दा उठाए जाने के बाद, राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अरिजित अग्रवाल ने दक्षिण 24 परगना के जिला मजिस्ट्रेट, जो जिले के जिला चुनाव अधिकारी भी हैं, से विस्तृत रिपोर्ट मांगी है।

# चाकदह में सड़क दुर्घटना में युवक की मौत, एक गंभीर

**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिले के चाकदह इलाके में रविवार की दोपहर एक सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई और दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान श्यामल सरकार (37) के रूप में हुई है, जबकि घायल युवक का नाम आलमगीर मोल्ला (34) है। मृत श्यामल सरकार चुआडांगा के दूधपकुर इलाके के निवासी है। पुलिस और स्थानीय सूत्रों के अनुसार, श्यामल और आलमगीर दोनों ही स्थानीय एक गैराज में काम करते थे। रविवार की दोपहर वे एक चारपहिया वाहन की डिलीवरी के लिए निकले थे। चाकदह के सिंगेरबागान इलाके में राष्ट्रीय राजमार्ग 12 के फ्लाईओवर के पास वे दोनों सड़क किनारे खड़े थे। तभी, पीछे से तेज रफ्तार में आ रही एक कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों युवक सड़क पर गिर पड़े और बुरी तरह घायल हो गए। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और दोनों को गंभीर हालत में चाकदह स्टेट जनरल अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने श्यामल सरकार को मृत घोषित कर दिया। आलमगीर मोल्ला की हालत गंभीर होने के कारण उसे कॉल्याणी के जवाहरलाल नेहरू मेमोरियल अस्पताल में स्थानांतरित किया गया है। घटना की खबर मिलते ही चाकदह थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। हादसे की खबर मिलते ही परिवार में मातम छा गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने फरार कार चालक और वाहन की तलाश शुरू कर दी है।




## गाड़ी के धक्के से बनगांव थाने के एएसआई की मौत

**कोलकाता, समाज्ञा :** बनगांव पुलिस थाने के सहायक उपनिरीक्षक यानी एएसआई विश्वजीत चक्रवर्ती की चांदपाड़ा स्थित अपने पैतृक गांव से घर लौटते समय एक तेज रफ्तार मालवाहक वाहन की आमने-सामने की टक्कर में मौत हो गई। उक्त हादसे के प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि मालवाहक वाहन बिना रुके पूरी गति से आगे बढ़ गया, जिससे एएसआई चक्रवर्ती की मौत हो गई। घटना के बाद घायल एएसआई को बनगांव अस्पताल ले जाया गया, जहां पहुंचने पर डॉक्टरों ने उनकी मौत की पुष्टि की। उक्त घटना के बाद मृतक के सह कर्मियों में मातम फैल गया। एएसआई विश्वजीत चक्रवर्ती एक बेहतर और ईमानदार अधिकारी के तौर पर ख्यात थे और लोगों में भी उनकी पहुंच थी।

## बैरकपुर में जुए के अड्डों पर एक साथ छापेमारी, 32 गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिले के बैरकपुर पुलिस आयुक्तालय के अंतर्गत डिटेक्टिव डिपार्टमेंट (डीडी) ने शुक्रवार की रात जुए के अड्डों पर बड़ी कार्रवाई की। पुलिस ने एक साथ कई इलाकों में छापेमारी कर कुल 32 लोगों को गिरफ्तार किया और लगभग 1.4 लाख रुपए की नकदी जब्त की। पुलिस सूत्रों के अनुसार, बेलघरिया थाना इलाके में चार लोगों को पकड़ा गया, और 63 हजार 330 जब्त किए गए। वहीं, बारानगर थाना इलाके में 16 जुआरियों को गिरफ्तार किया गया और 61 हजार 365 जब्त किए गए। इसके अलावा, घोला थाना इलाके में 12 व्यक्तियों को पकड़ा गया, जिनके पास से 14 हजार 270 की नकदी मिली। सभी आरोपितों के खिलाफ संबंधित थानों में प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

## दमदम में युवक को जिंदा जलाने की कोशिश के आरोप में एक आरोपी गिरफ्तार



**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिले में दक्षिण दमदम क्षेत्र में कथित तौर पर एक युवक को जिंदा जलाने के प्रयास के सिलसिले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पता चला है कि आरोपी स्थानीय तृणमूल कांग्रेस पार्षद का करीबी सहयोगी है और उसे शनिवार की देर रात नैहाटी से पकड़ा गया। बता दें कि यह कथित घटना बुधवार को उत्तर 24 परगना जिले के दक्षिण दमदम नगरपालिका के अंतर्गत तारकनाथ कॉलोनी के बेदियापारा के वार्ड 11 में हुई। पुलिस अधिकारी ने कहा कि शिकायत के अनुसार, रंजीत कर्माकर पर हमला किया गया और उस पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी गई। वह लगभग 20 प्रतिशत झुलस गया है और आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। उसकी हालत गंभीर है। उन्होंने बताया कि यह घटना इलाके में देवी काली की मूर्ति के विसर्जन के दौरान हुई। उन्होंने बताया कि पार्षद और उनके समर्थकों ने कर्माकर पर कथित तौर पर हमला किया। प्रत्यक्षदर्शियों ने दावा किया कि पास में खड़ी एक मोटरसाइकिल से पेट्रोल निकालकर उस पर डाला गया। उन्होंने बताया कि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

## बागी विधायक हुमायूं कबीर पर कार्रवाई के लिए तृणमूल अनुशासन समिति की बैठक अगले सप्ताह

**कोलकाता/मुर्शिदाबाद :** पार्टी नेतृत्व के खिलाफ सार्वजनिक बयान देने वाले नेताओं पर कार्रवाई के लिए तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने अगले सप्ताह अपनी अनुशासन समिति की बैठक बुलाने का निर्णय लिया है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, बैठक में खास तौर पर मुर्शिदाबाद जिले के भरतपुर से टीएमसी विधायक हुमायूं कबीर के विवादित बयानों पर चर्चा की जाएगी। बैठक से पहले अनुशासन समिति के सदस्य मुख्यमंत्री और पार्टी प्रमुख ममता बनर्जी से विचार-विमर्श करेंगे। एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि टीएमसी नेता शोभनदेव चट्टोपाध्याय समिति की ओर से सदस्यों के संपर्क में हैं। बैठक अगले सप्ताह होगी, हालांकि तारीख अभी तय नहीं की गई है। बता दें कि पिछले कुछ दिनों से हुमायूं कबीर ने जिले के कई टीएमसी पदाधिकारियों पर खुलकर निशाना साधा है।







## कल कोलकाता में प्रवासी राजस्थानियों की बैठक, मुख्यमंत्री शर्मा होंगे शामिल

**जयपुर/कोलकाता :** कोलकाता में 28 अक्टूबर को 'प्रवासी राजस्थानी सम्मेलन' होगा जिसमें मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी शामिल होंगे। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार कोलकाता के प्रवासी राजस्थानी समुदाय से संवाद स्थापित करने के लिए मुख्यमंत्री शर्मा के नेतृत्व में उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल 28 अक्टूबर को जायेगा। इस दौरान मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में 'प्रवासी राजस्थानी सम्मेलन' का आयोजन किया जाएगा। इसमें प्रवासी राजस्थानियों को 10 दिसंबर को जयपुर में आयोजित होने वाले प्रथम 'प्रवासी राजस्थानी दिवस' के लिए आमंत्रित भी किया जायेगा। आधिकारिक बयान के अनुसार, शर्मा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल प्रवासी राजस्थानियों, औद्योगिक समूहों, व्यवसायियों और उद्यमियों को राज्य के विकास में सक्रिय योगदान के लिए आमंत्रित करेगा। इस दौरान विभिन्न व्यावसायिक क्षेत्रों में कार्यरत व्यावसायिक और औद्योगिक समूहों के प्रमुखों के साथ बैठकें भी होंगी।

# एक नवंबर से राज्य में धान खरीद शुरू, किसानों के खातों में सीधे जाएगी राशि

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल खाद्य विभाग आगामी खरीफ सीजन की शुरुआत के साथ ही एक नवंबर से राज्यभर में धान की सरकारी खरीद प्रक्रिया शुरू करने जा रहा है। विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को बताया कि किसानों को अब धान बेचने के तीन कार्यदिवस के भीतर भुगतान सीधे उनके बैंक खातों में मिल जाएगा। यह व्यवस्था किसानों को भुगतान में देरी से बचाने के उद्देश्य से की गई है। खाद्य विभाग ने बताया कि वर्ष 2025-26 के खरीफ सीजन के लिए राज्यभर में कुल 620 स्थायी धान खरीद केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं। इसके अलावा 179 मोबाइल खरीद केंद्र भी लगाए जाएंगे, जो विशेष रूप से उन दूरदराज़ इलाकों में जाएंगे जहां किसानों के लिए स्थायी केंद्रों तक पहुंचना कठिन है। इन मोबाइल केंद्रों के साथ-साथ विभाग अस्थायी खरीद शिविर भी लगाएगा, जिन्हें विभिन्न सरकारी एजेंसियां संचालित करेंगी। खाद्य विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार, संबंधित एजेंसियों को अस्थायी शिविर में धान खरीद के अगले दिन विभाग को जानकारी देनी होगी। विभाग उस सूचना का सत्यापन कर किसानों के बैंक खातों में शीघ्र भुगतान सुनिश्चित करेगा।

इस वर्ष किसानों को प्रति क्विंटल धान के लिए 2,369 रुपये का समर्थन मूल्य मिलेगा। वहीं, जो किसान सरकार के खरीद केंद्रों पर धान बेचेंगे, उन्हें अतिरिक्त 20 रुपये प्रति क्विंटल बोनस दिया जाएगा। इस प्रकार किसानों को कुल 2,389 रुपये प्रति क्विंटल का भुगतान किया जाएगा। खाद्य विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि धान बिक्री के लिए ऑनलाइन पंजीकरण अनिवार्य होगा। किसान निर्धारित तिथि पर संबंधित केंद्र पर धान बेच सकेंगे। यदि किसी कारणवश निर्धारित दिन पर पहुंचना संभव न हो, तो पुनः बुकिंग करनी होगी। अधिकारियों के अनुसार, नवंबर से फरवरी तक के चार माह धान खरीद के लिए सबसे व्यस्त और महत्वपूर्ण अवधि माने जाते हैं।




**TENDER NOTICE**

City College Commerce and Business Administration invites e-Tender for Renovation and Refurbishing Principal's Room (Tender ID: 2025_DHE_931348_1). Bid Submission End Date - 13-Nov-2025 05:30 PM, Bid Opening Date - 14-Nov-2025 05:30 PM For details refer to https://wbtenders.gov.in
Principal

**कोलकाता-अमृतसर-कोलकाता अकाल तख्त एक्सप्रेस की पुनर्बहाली**

आगामी कोहरे के मौसम से निपटने के लिए, ट्रेनों के नियंत्रण के संबंध में पूर्व अधिसूचना के संदर्भ में, यह सूचित किया जाता है कि 12317/12318 कोलकाता-अमृतसर-कोलकाता अकाल तख्त एक्सप्रेस, जो नीचे उल्लिखित तिथियों को रद्द के रूप में अधिसूचित की गई थी, अब निम्नानुसार पुनर्बहाल की जाएगी: **पुनर्बहाली की तिथि: (1) 12317 कोलकाता-अमृतसर अकाल तख्त एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 07.12.2025, 14.12, 21.12 और 28.12.2025, 04.01.2026, 11.01, 18.01 और 25.01.2026 एवं 01.02.2026, 08.02, 15.02 और 22.02.2026) **(2) 12318 अमृतसर-कोलकाता अकाल तख्त एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 09.12.2025, 16.12, 23.12 और 30.12.2025, 06.01.2026, 13.01, 20.01 और 27.01.26, 03.02.2026, 10.02, 17.02 और 24.02.2026)।

मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# सोनारपुर में कस्टम अधिकारी पर हमला, ऑटो चालक गिरफ्तार



**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिले के सोनारपुर में शुक्रवार रात एक शुल्क विभाग के अधिकारी के घर पर हमला होने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। इस हमले के आरोप में पुलिस ने एक ऑटो चालक को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि आरोपित ने अपने साथियों के साथ मिलकर अधिकारी और उनकी पत्नी से मारपीट की। पुलिस सूत्रों के अनुसार, सोनारपुर मेगासिटी इलाके के निवासी और शुल्क विभाग के अधिकारी प्रदीप कुमार शुक्रवार रात ऑफिस से लौट रहे थे। रास्ते में उनकी कहासुनी एक ऑटो चालक अजीजुल गाजी से हो गई। विवाद इतना बढ़ा कि दोनों के बीच हाथापाई की नौबत आ गई। बाद में स्थानीय लोगों के हस्तक्षेप से मामला शांत हुआ और दोनों अपने-अपने रास्ते चले गए। कुछ देर बाद अजीजुल अपने साथियों को लेकर प्रदीप कुमार के आवास पर पहुंच गया। वहां पहुंचकर उसने हंगामा किया और प्रदीप कुमार के साथ मारपीट की। इस दौरान अधिकारी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद उन्होंने स्थानीय चिकित्सक से प्राथमिक उपचार कराया और फिर थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए अजीजुल गाजी को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही पुलिस को संदेह है कि इस हमले में और भी लोग शामिल थे, जिनकी पहचान कर गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। पीड़ित प्रदीप कुमार ने आरोप लगाया कि घटना के दौरान उनकी पत्नी से भी बदसलूकी की गई। उन्होंने बताया कि पूरी घटना आवास परिसर के सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। उन्होंने दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की है। घटना के बाद इलाके में भारी तनाव फैल गया है। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रण में ले लिया है और मामले की जांच जारी है।



# छठ पर्व पर हावड़ा के घाटों पर सुरक्षा के कड़े इंतज़ाम, मंत्री अरूप राय ने किया निरीक्षण

**हावड़ा, समाज्ञा :** आज श्रद्धा और आस्था के महापर्व छठ पूजा के अवसर पर हावड़ा के घाटों पर भारी भीड़ उमड़ने की संभावना को देखते हुए प्रशासन ने कड़े सुरक्षा इंतज़ाम किए हैं। सुबह से ही पुलिस और प्रशासन की टीमें घाटों पर सक्रिय हैं। राज्य के मंत्री अरूप राय ने रविवार को मध्य हावड़ा के तेलकल घाट, पंचमुखी बजरंगबली घाट, रामकृष्णपुर घाट सहित सभी घाटो का दौरा किया और तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान वार्ड 29 के पूर्व पार्षद शैलेश राय भी उनके साथ मौजूद रहे। मंत्री ने घाटों पर की गई सफाई व्यवस्था, रोशनी और सुरक्षा उपायों की विस्तार से समीक्षा की। छठव्रतियों की सुरक्षा के लिए गंगा नदी के अंदर मजबूत बैरिकेडिंग की गई है ताकि कोई भी श्रद्धालु निर्धारित सीमा पार न कर सके। घाटों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, साथ ही भारी संख्या में महिला पुलिस कर्मी तैनात की गई हैं। प्रशासन की ओर से लगातार माइकिंग की व्यवस्था, स्पीड बोट और नावों की तैनाती भी की गई है ताकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत मदद पहुंचाई जा सके। अनुमान है कि सूर्य को अर्घ्य देने के दौरान लाखों श्रद्धालु घाटों पर एकत्र होंगे। सुरक्षा व्यवस्था संभालने के लिए हजारों पुलिस कर्मी, बड़ी संख्या में महिला पुलिस कर्मी, रैफ जवान और उच्च अधिकारी खुद मैदान में रहकर निगरानी कर रहे हैं।



# एसएससी ने ग्रुप-सी भर्ती परीक्षा में अनुभव और शैक्षिक योग्यता के आधार पर अंक किए तय

**कोलकाता, समाज्ञा :** ग्रुप-सी शिक्ष ाकर्मी भर्ती परीक्षा में अनुभवी उम्मीदवारों के लिए स्कूल सर्विस कमीशन (एसएससी) ने विशेष सुविधा की घोषणा की है। भर्ती परीक्षा में विभिन्न विषयों के लिए एसएससी ने नए सिरे से अंक विभाजन किया है। अनुभव रखने वाले उम्मीदवारों को परीक्षा में अतिरिक्त 5 अंक दिए जाएंगे। इसके साथ ही शैक्षिक योग्यता सहित अन्य विषयों में भी नया अंक विभाजन लागू किया गया है। एसएससी के अनुसार, ग्रुप-सी शिक्षाकर्मी पदों के लिए 60 अंकों की लिखित परीक्षा ओएमआर के माध्यम से आयोजित की जाएगी। शैक्षिक योग्यता के आधार पर 10 अंक, मौखिक इंटरव्यू के लिए 10 अंक और कंप्यूटर टाइपिंग तथा अतिरिक्त कंप्यूटर ज्ञान के लिए कुल 15 अंक निर्धारित किए गए हैं। हाल ही में राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त और सहायता प्राप्त स्कूलों में 8,477 खाली पदों पर भर्ती के लिए अधिसूचना जारी की गई है। इसमें 2,989 पद ग्रुप-सी (क्लर्क) और 5,448 पद ग्रुप-डी के हैं। आवेदन 3 नवंबर से 3 दिसंबर, 2025 तक ऑनलाइन किए जा सकेंगे और परीक्षा फरवरी 2026 में होगी। ऑनलाइन आवेदन के लिए शुल्क भी ऑनलाइन जमा करना होगा। ग्रुप-सी पद के लिए सामान्य और ओबीसी उम्मीदवारों का शुल्क 400 रुपये, जबकि अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति उम्मीदवारों का शुल्क 150 रुपये तय किया गया है। एसएससी ने इस भर्ती परीक्षा के लिए विभिन्न विषयों में अंक विभाजन की पूरी जानकारी भी जारी की है।



# दीपों की रौनक में सजी चैंबर ऑफ टेक्सटाइल ट्रेड एंड इंडस्ट्री की दीपावली प्रीति सम्मेलन, व्यापारियों की उमंग झलकी

**कोलकाता, समाज्ञा :** चैंबर ऑफ टेक्सटाइल ट्रेड एंड इंडस्ट्री (कोट्टी) द्वारा आयोजित दीपावली प्रीति सम्मेलन रविवार को चैंबर सभागार में उल्लासपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ चैंबर के अध्यक्ष महेंद्र जैन के स्वागत उद्बोधन से हुआ। उन्होंने पूर्व अध्यक्षों और कार्यकारिणी सदस्यों के साथ दीप प्रज्वलित कर सभी को दीपावली की शुभकामनाएं दीं और उनके व्यापार में उन्नति व समृद्धि की मंगलकामना की। उन्होंने कहा कि कोट्टी सदैव व्यापारियों के हितों की रक्षा में अग्रणी रहा है। हाल ही में कोलकाता नगर निगम द्वारा ट्रेड लाइसेंस शुल्क में की गई असमान वृद्धि के विरोध में कोट्टी ने ठोस कदम उठाए हैं। साथ ही जीएसटी 2.0 में कपड़ा व्यापार से जुड़ी विसंगतियों को सरकार के समक्ष रखा गया है ताकि कर दरों में संतुलन लाया जा सके। कार्यक्रम का संचालन मंत्री देवेंद्र कुमार बोथरा ने किया। उन्होंने कहा कि दीपावली केवल धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि यह व्यापार जगत के लिए नई ऊर्जा और उत्साह का प्रतीक है। उन्होंने सभी से एकजुट होकर उद्योग और समाज के विकास में योगदान देने का आह्वान किया। इस अवसर पर वार्ड 22 की पार्षद मीना देवी पुरोहित, वार्ड 23 के पार्षद विजय ओझा तथा वार्ड 43 की पार्षद रीता चौधरी ने दीपावली की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह पर्व हमें हमारी संस्कृति, परंपरा और एकता की भावना को सशक्त करने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम में कोट्टी के पूर्व अध्यक्ष मुरारीलाल खेतान, विजय कुमार विनायकिया, कन्फेडरेशन ऑफ वेस्ट बंगाल ट्रेड्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सुशील पोद्दार तथा एफटीओ के अध्यक्ष तारकनाथ त्रिवेदी सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। उपाध्यक्ष संजय तोदी, संयुक्त मंत्री विजय सिंह जैन (बावलिया), कोषाध्यक्ष अनिल मिहारिया, एवं कार्यकारिणी सदस्य विनोद कुमार मिन्नी, प्रमोद मोदी, विनोद नांगलिया, संतोष खेरिया, ब्रह्मानंद अग्रवाल और आशीष झुनझुनवाला सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम की सफलता में पी.आर.ओ. कमिटी के चेयरमैन देवकीनंदन तोदी, को-चेयरमैन विनोद कुमार केडिया और उनकी टीम के सदस्य घनश्याम दास बंग, प्रभु लोहिया, विकास लाखोटिया तथा धर्मेंद्र सेठ का उल्लेखनीय योगदान रहा। सदस्यों के लिए स्वादिष्ट अल्पाहार की विशेष व्यवस्था की गई थी, जिसका लगभग 300 सदस्यों ने आनंद लिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण लकी ड्रॉ रहा, जिसमें भाग्यशाली विजेताओं को स्मृति-चिह्न के रूप में चांदी के सिक्के प्रदान किए गए।



# वनबंधु परिषद एवं श्रीहरि सत्संग समिति कोलकाता चैप्टर का दीपावली मिलन कार्यक्रम आयोजित

**कोलकाता, समाज्ञा :** वनबंधु परिषद एवं श्रीहरि सत्संग समिति कोलकाता चैप्टर ने दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन, भारत माता पूजन एवं गणेश वंदना के साथ हुआ। तत्पश्चात् सदस्यों एवं बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। कार्यक्रम में रजत बैद द्वारा संचालित मनमोहक अंताक्षरी, तंबोला के रोचक राउंड्स तथा लकी ड्रॉ ने सभी उपस्थितजनों का भरपूर मनोरंजन किया। समारोह में संस्था के वरिष्ठ एवं प्रमुख सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिनमें पद्मश्री सज्जन भजनका (राष्ट्रीय संरक्षक, एफ़.टी.एस.), रमेश कुमार महेश्वरी (राष्ट्रीय अध्यक्ष, एफ़.टी.एस.), रमेश सरावगी, साजन बंसल, विजय माहेश्वरी, बसंत पारख, पुरुषोत्तम बेरीवाल, प्रवीण अग्रवाल, विकास पोद्दार, रूपा अग्रवाल, नीरज हाड़ोदिय, रमेश गुप्ता, दीप कुमार, अतुल शाह, किशन केजरीवाल, प्रदीप रावलवासिया, सुभाष मुरारका, दुर्गा प्रसाद पोद्दार, रामानन्द रस्तोगी, सुरेश अग्रवाल, सुधा भट्टड़, रमेश चन्द्र झांवर, ऋषभ सरावगी, नितिन सिंघी, शिव हमीरवासिया, बीना धानुका, मीरा डोकानिया, अंकित दीवान सहित अनेक वरिष्ठ सदस्यों ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम का संचालन मनोज कुमार चेतानी, सचिव, एफ़.टी.एस. कोलकाता चैप्टर द्वारा किया गया तथा स्वागत भाषण महेन्द्र कुमार अग्रवाल, अध्यक्ष, एफ़.टी.एस. कोलकाता चैप्टर ने दिया। सभी ने गोविंद सारडा एवं शांता सरडा का विषेश आभार व्यक्त किया जिन्होंने अपने निवास स्थान पर इस दीपावली मिलन कार्यक्रम के आयोजन की संपूर्ण व्यवस्था की।



## कोलकाता मेट्रो में एनए-सजी कमांडो ने किया मॉक ड्रिल

**कोलकाता, समाज्ञा :** राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) के कमांडो ने 25 से 26 अक्टूबर की रात को येलो लाइन के जय हिंद विमानबंदर मेट्रो स्टेशन पर मॉक ड्रिल का आयोजन किया। इस अभ्यास का उद्देश्य संभावित सुरक्षा खतरों, जैसे आतंकवादी हमलों या अन्य आपात स्थितियों से निपटने के लिए तैयारी को अपडेट करना और सतर्कता बढ़ाना था। ड्रिल के दौरान एनएसजी कमांडो ने आपातकालीन परिस्थितियों का अनुकरण किया और यात्रियों की सुरक्षा तथा शीघ्र निकासी के लिए रेस्क्यू प्लान का अभ्यास किया। यह अभ्यास मेट्रो स्टेशनों, सुरंगों और वायाडक्ट्स से यात्रियों को सबसे कम समय में सुरक्षित निकालने पर केंद्रित था। इस मॉक ड्रिल के लिए पावर ब्लॉक लिया गया और एक मेट्रो रेक का उपयोग किया गया। ड्रिल आधी रात के आसपास शुरू हुई और कई घंटों तक चली। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड पहले भी मेट्रो परिसरों में ऐसे अभ्यास कर चुका है, ताकि सुरक्षा तैयारियों को अपडेट किया जा सके और किसी आपात स्थिति में यात्री बचाने और संदिग्धों को पकड़ने के लिए त्वरित कार्रवाई की जा सके।

## धनबाद में सात दिवसीय प्राकृतिक चिकित्सा आवासीय उपचार शिविर का होगा आयोजन

**धनबाद :** पवित्रम सेवा परिवार की ओर से धनबाद में सात दिवसीय पूर्ण आवासीय प्राकृतिक चिकित्सा उपचार शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 30 नवंबर से कोयला नगर स्थित कुसुम विहार में प्रारंभ होगा। शिविर की तैयारियां जोरों पर हैं और रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। पवित्रम सेवा परिवार पिछले कई वर्षों से घायल एवं बीमार गोवंश की सेवा-चिकित्सा, आरोग्य के प्रति जनजागरण, ग्रामीण क्षेत्रों में जैविक खेती को प्रोत्साहन तथा गौत्पादों के निःशुल्क प्रशिक्षण एवं प्रचार-प्रसार का कार्य कर रहा है। इस शिविर में धनबाद के अलावा अन्य शहरों से भी प्रतिभागियों के आने की संभावना है। शिविर का मुख्य उद्देश्य आहार और जीवनशैली में सुधार करते हुए साध्य एवं असाध्य रोगों का प्राकृतिक चिकित्सा से उपचार करना है। पवित्रम सेवा परिवार स्कूलों एवं कॉलेजों में भी स्वास्थ्य जागरूकता से जुड़े कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। संस्था की योजना आने वाले दिनों में ऐसे स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन धनबाद के साथ-साथ अन्य शहरों में भी करने की है। उल्लेखनीय है कि इसी वर्ष जनवरी माह में भी धनबाद के पुराना बाजार स्थित शम्भु धर्मशाला में ऐसा ही शिविर आयोजित किया गया था, जिसमें विभिन्न राज्यों से आए प्रतिभागियों ने हिस्सा लेकर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया था।

## हावड़ा डिवीजन ने स्टेशनों पर चलाया व्यापक सफाई अभियान

**कोलकाता, समाज्ञा :** हावड़ा डिवीजन ने रविवार को विभिन्न स्टेशनों पर स्पेशल कैंपेन 5.0 के तहत व्यापक स्वच्छता अभियान और जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया। इस पहल के माध्यम से रेलवे ने स्वच्छता मिशन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया और यात्रियों को स्वच्छता बनाए रखने के महत्व के प्रति जागरूक किया। आरामबाघ स्टेशन पर रेलवे अधिकारियों और कर्मचारियों ने प्लेटफार्म, आवागमन क्षेत्र और यात्रियों की सुविधाओं की सफाई पर विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए विशेष अभियान चलाया। अभियान के दौरान यात्रियों से संवाद कर उन्हें स्टेशन पर स्वच्छता बनाए रखने और व्यक्तिगत जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित किया गया। मोघरा स्टेशन में कचरे के निस्तारण और स्वच्छता सुविधाओं को बेहतर बनाने के प्रयास किए गए, वहीं बामनगाछी रेलवे कॉलोनी में हाउसकीपिंग टीमों ने आवासीय परिसर और आसपास के क्षेत्रों की गहन सफाई कर रेलवे कर्मचारियों के लिए स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित किया। बोलपुर स्टेशन पर रेलवे ट्रैक की सफाई का व्यापक अभियान चलाया गया, जिसमें हाथ और मशीन द्वारा सफाई कर ट्रैक रखरखाव और सुरक्षा पर जोर दिया गया। इसी दौरान, रामपुरहाट स्टेशन पर फुट ओवर ब्रिज को पूरी तरह से साफ और कीटाणुरहित किया गया, ताकि यात्रियों के लिए सुरक्षित और स्वच्छ मार्ग सुनिश्चित किया जा सके। आजिमगंज स्टेशन पर भी प्लेटफार्म, प्रतीक्षालय और अन्य यात्री क्षेत्रों की गहन सफाई कर स्टेशन के समग्र वातावरण को बेहतर बनाने का प्रयास किया गया।



## पूर्व रेलवे ने की तालाब व घाट क्षेत्रों में सफाई अभियान की शुरुआत, दिया स्वच्छ व प्लास्टिक-मुक्त पर्यावरण का संदेश

**कोलकाता, समाज्ञा :** स्वच्छता अभियान 2025 के तहत पूर्व रेलवे ने अपने क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आने वाले तालाबों और घाट क्षेत्रों में व्यापक सफाई अभियान शुरू किया है। इस पहल का उद्देश्य यात्रियों और श्रद्धालुओं के लिए स्वच्छ, सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल माहौल सुनिश्चित करना है। रेलवे की ओर से यह अभियान छठ पर्व के मद्देनज़र चलाया जा रहा है, जब बड़ी संख्या में श्रद्धालु दूर-दराज़ से पूजा-अर्चना के लिए पहुंचते हैं। रेलवे प्रशासन ने तालाबों और घाटों के आसपास के इलाकों को स्वच्छ और श्रद्धालु-अनुकूल बनाने के लिए सघन सफाई, अपशिष्ट निष्कासन, ब्लिचिंग और सैनिटेशन कार्य कराए हैं। यह सफाई अभियान सितारामपुर, पानागढ़, जसिदीह, देवघर, दुर्गापुर, आंडाल और आसनसोल सहित कई प्रमुख स्थानों पर चलाया गया। इसमें रेलवे कर्मचारियों, हाउसकीपिंग स्टाफ और स्थानीय स्वयंसेवकों ने मिलकर भाग लिया और इन क्षेत्रों को स्वच्छ और सुंदर रूप देने में सहयोग किया। पूर्व रेलवे ने जनता से अपील की है कि वे तालाब और घाट क्षेत्रों को प्लास्टिक-मुक्त और पर्यावरण के अनुकूल बनाए रखने में सहयोग करें। रेलवे ने श्रद्धालुओं से सिंगल-यूज़ प्लास्टिक का प्रयोग न करने, कचरा निर्धारित स्थानों पर डालने और स्वच्छता बनाए रखने का आग्रह किया है। पूर्व रेलवे ने कहा कि वह यात्रियों और श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षित, स्वच्छ और सुखद यात्रा व पूजा अनुभव सुनिश्चित करने के अपने संकल्प पर दृढ़ है और सतत विकास व सामुदायिक कल्याण के लिए प्रतिबद्ध रहेगा।



## केशियाड़ी के तालाब में मिला अज्ञात व्यक्ति का शव, इलाके में मची सनसनी

**पश्चिम मेदिनीपुर :** जिले के केशियाड़ी थाना अंतर्गत कुसुमपुर इलाके में रविवार को एक अज्ञात व्यक्ति का शव तालाब में तैरते हुए मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना के अनुसार, इस दिन, दोपहर करीब 2 बजे कुसुमपुर इलाके के एक युवक ने अपने घर के पास स्थित तालाब में स्नान के दौरान शव को तैरते हुए देखा। इसके बाद, वह डर के मारे अपने परिवार को सूचना दी। परिजन और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और इस घटना की जानकारी थाना पुलिस को दी। पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और शव को तालाब से बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए खड़गपुर महकमा अस्पताल भेज दिया।

## जगद्धात्रि पूजा के लिए चलेंगी स्पेशल ट्रेनें

**कोलकाता, समाज्ञा :** जगद्धात्रि पूजा के अवसर पर चंदननगर और आसपास के क्षेत्रों में भारी यात्री आवागमन को देखते हुए हावड़ा डिवीजन विशेष ईएमयू ट्रेनों का संचालन कर रहा है। यह व्यवस्था 28 अक्टूबर से 2 नवंबर, 2025 तक लागू रहेगी। इस दौरान हावड़ा-बंडेल के बीच पांच जोड़ी और हावड़ा-वर्दवान के बीच एक जोड़ी ईएमयू स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी, जो रास्ते में सभी स्टेशनों पर ठहरेगी। हावड़ा से बंडेल के लिए ईएमयू स्पेशल ट्रेनें 28 अक्टूबर से 1/2 नवंबर के बीच 17:20, 19:55, 20:35, 23:30 और 00:30 बजे रवाना होंगी, जबकि डाउन दिशा में बंडेल-हावड़ा ट्रेनें 18:35, 21:20, 21:55, 01:00 और 02:00 बजे प्रस्थान करेंगी। हावड़ा-वर्दवान (बंडेल मार्ग) एक ट्रेन 01:15 बजे प्रस्थान करेगी, जबकि वर्दवान-हावड़ा ट्रेन 22:30 बजे रवाना होगी। इसके अतिरिक्त, 02 नवंबर (अस्ति दिन) को एक अतिरिक्त हावड़ा-बंडेल-हावड़ा ईएमयू स्पेशल ट्रेन हावड़ा से 02:35 बजे और बंडेल से 04:00 बजे चलेगी। इसी अवधि में 36087 हावड़ा-मसागराम लोकल ट्रेन को वर्दवान तक बढ़ाया जाएगा और वर्दवान-हावड़ा स्पेशल ट्रेन 22:10 बजे बंडेल मार्ग से चलेगी। इसके विपरीत, 36088 मसागराम-हावड़ा लोकल ट्रेन 28 अक्टूबर से 1 नवंबर तक रद्द रहेगी। अप दिशा में 63501 हावड़ा-वर्दवान लोकल 01:45 बजे हावड़ा से चलेगी और हावड़ा-बंडेल के बीच सभी स्टेशनों पर ठहरेगी। इसके अलावा, 53002 अजिमगंज-हावड़ा पैसेंजर स्पेशल और 37924 कटवा-हावड़ा ईएमयू लोकल ट्रेनें 29 अक्टूबर से 1/2 नवंबर तक रास्ते में प्रमुख स्टेशनों जैसे होगली, चूचुड़ा, चंदननगर, मांकुंडु, भद्रेश्वर, बैद्यबाती, श्रीरामपुर, ऋष्रा, कोन्नगर, हिंदमोटर, उत्तरपाड़ा, बाली, बेलूर और लिलुआ पर ठहराव प्रदान करेंगी।

## श्री डीडवाना नागरिक सभा का दीपावली प्रीति सम्मेलन संपन्न

### डीडवाना गौरव सम्मान से सम्मानित हुए उद्योगपति हेमंत बांगड़

**कोलकाता, समाज्ञा :** श्री डीडवाना नागरिक सभा का दीपावली प्रीति सम्मेलन 25 अक्टूबर को स्थानीय हिंदुस्तान क्लब के सभागार में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में डीडवाना गौरव सम्मान और शिक्षा प्रतिभा पुरस्कार प्रदान किए गए। समारोह के अध्यक्ष सुप्रसिद्ध समाजसेवी और हिंदुस्तान क्लब के अध्यक्ष संजय गोयनका थे। इस अवसर पर सुप्रसिद्ध उद्योगपति हेमंत बांगड़ को डीडवाना गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। उन्हें तिलक, पुष्पमाला, शॉल, श्रीफल, प्रशस्ति पत्र और रजत पदक देकर सम्मानित किया गया। समारोह में मेधावी विद्यार्थियों को स्वर्गीय मगनीराम पसारी स्मृति शिक्षा प्रतिभा पुरस्कार प्रदान किया गया। शिक्षा प्रतिभा सम्मान में सीए, सीएस डॉक्टर और इंजीनियर की डिग्री प्राप्त विद्यार्थियों को रजत पदक और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्ति के उपरांत हेमंत बांगड़ ने कहा कि श्री डीडवाना नागरिक सभा का विगत 71 वर्षों से समाजसेवा और डीडवाना शहर के विकास में योगदान अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने गौरव सम्मान की परंपरा से युवा पीढ़ी को प्रेरणा मिलने की उम्मीद जताई। समारोह अध्यक्ष श्री संजय गोयनका ने सभी को दीपावली की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का कुशल संचालन मंत्री हरीश तिवाड़ी ने किया और धन्यवाद सभा अध्यक्ष अरुण मल्लावत ने दिया। मंच पर उपस्थित थे ओम प्रकाश बांगड़, राजगोपाल पसारी, ईश्वर ध्यावाला एवं दिनेश अग्रवाल (भारूका)। विशेष अतिथि के रूप में भागीरथ चांडक, बंशीधर शर्मा, महावीर प्रसाद बजाज और भागीरथ सारस्वत समेत अन्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम की सफलता में सम्पत्त मान्धना, मनोज काकङा और राजेश नागोरी की सक्रिय भूमिका रही।




## छठ पर्व यात्रियों की सुगम यात्रा के लिए पूर्व रेलवे का प्रयास जारी




**कोलकाता, समाज्ञा :** छठ पर्व के अवसर पर यात्रियों की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए पूर्व रेलवे विशेष ट्रेनों के संचालन के अलावा, यात्रियों की संख्या बढ़ने पर अतिरिक्त कोच जोड़े जा रहे हैं। 25 अक्टूबर की रात को 03043 हावड़ा-रक्सौल स्पेशल ट्रेन में दो अतिरिक्त अनारक्षित कोच जोड़े गए, वहीं रविवार को 13105 सियालदह-बलिया एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त सामान्य द्वितीय श्रेणी कोच जोड़ा गया। इसके साथ ही, शाम 06:00 बजे सियालदह से जयनगर के लिए पूरी तरह अनारक्षित ट्रेन भी चलाने की व्यवस्था की गई है। हावड़ा, सियालदह, जसिडीह, मधुपुर, भागलपुर और जमालपुर स्टेशनों पर होल्डिंग एरिया सक्रिय किए गए हैं, ताकि प्लेटफॉर्म पर भीड़ न बढ़े और यात्री आराम से चढ़ सकें। पूर्व रेलवे ने भीड़ प्रबंधन के व्यापक उपाय लागू किए हैं। इसमें कतार प्रबंधन, पब्लिक एड्रेस सिस्टम, माई आई हेल्प यू बूथ और स्वयंसेवक स्काउट्स एवं गाइड्स की तैनाती शामिल है। सभी स्टेशनों पर सीसीटीवी निगरानी और उच्च अधिकारियों द्वारा मॉनीटरिंग सुनिश्चित की जा रही है।

## रमेश ओझा के श्रीमुख से श्रीमद्भागवत कथा हेतु श्रीगणेश पूजन

**कोलकाता, समाज्ञा :** रमेश ओझा के श्रीमुख से काकुड़गाछी में 7 नवम्बर से श्रीमद्भागवत कथा के उपलक्ष्य में श्रीगणेश पूजन में श्री विशुद्धानंद हॉस्पिटल में आयोजकों ने आस्था, भक्ति भावना से मनोकामना, संकल्प के साथ पूजा-अर्चना की। सनातन वैदिक हिन्दू धर्म की परम्परा अनुसार वैदिक मंत्रोच्चारण, श्रद्धा के साथ भगवान का स्मरण एवं संकल्प कर समाजसेवी आलोक-सुचिता, विकास-स्नेहा बाजोरिया, बनवारीलाल सोती, सुरेन्द्र अग्रवाल, विश्वनाथ सेकसरिया, श्यामसुंदर अग्रवाल, विजय गुजरवासिया, जगमोहन बागला, महावीर प्रसाद अग्रवाल, दीपक बंका, अनील चौधरी, विष्णु शर्मा, मनोज पराशर, प्रवीण मित्तल, संदीप गर्ग, ईश्वर गुप्ता, संदीप अग्रवाल, मोहन केडिया, दयानंद सोनी, बलदेव केडिया, पवन फतेहपुरिया, विनोद जालान, राजकुमार व्यास, निर्मल केडिया, नीरज खेतान, नरेन्द्र बागड़ी, एवम् आयोजकों ने पूजा-अर्चना की। श्रीमद्भागवत कथा के आयोजन में समाजसेवी अशोक-अम्बिका बाजोरिया का सक्रिय मार्गदर्शन, सहयोग है। निष्काम सेवा गीत-सेवा से बढ़ कर धर्म नहीं... की प्रस्तुति से सत्यनारायण तिवाड़ी ने भाव विभोर किया। सामूहिक आरती में बिमल भिवानीवाला, प्रदीप ढ़ेडिया, चांद रतन लखानी, महेश भुवालका, गोपाल दमानी, अशोक बाहेती, विकास चन्द चांडक, गोवर्धन मूंधड़ा, झबरू दुजारी, जे पी सुगन्ध, डॉ. एल एन ओझा, देवेन्द्र भैया, बल्लभ शंकर दवे, आलोक जायसवाल, नंदकिशोर लाखोटिया, रवि खन्ना एवं श्रद्धालु भक्त शामिल हुए। श्रीगणेश पूजन में महिलाओं की विशेष उपस्थिति थी। बनवारी लाल सोती एवं सुरेन्द्र अग्रवाल ने बड़ा पार्क, काकुड़गाछी में 7 से 13 नवम्बर तक श्रीमद्भागवत कथा में सपरिवार उपस्थित होकर पुण्य अर्जित करने का निवेदन श्रद्धालु भक्तों से किया।



## श्रद्धावान, विवेक सम्पन्न व जागरूक व्यक्ति कहलाता है सच्चा श्रावक : मुनि जिनेश कुमार

- **पूर्वांचल तेरापंथी सभा द्वारा चतुर्मास से जुड़े कार्यकर्ताओं को सम्मान**

**कोलकाता, समाज्ञा :** युगप्रधान आचार्य महाश्रमण के सुशिष्य मुनिश्री कुमार जी ठाणा- 3 के सान्निध्य में दीपावली स्नेह मिलन एवं सेवा सम्मान समारोह स्नेहोत्सव- 2025 का भव्य आयोजन जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा (कलकत्ता-पूर्वांचल) ट्रस्ट द्वारा भिक्षु विहार, लेकटाउन में किया गया। इस अवसर पर विशाल धर्मसभा को संबोधित करते हुए मुनि जिनेश कुमार ने कहा कि जिन शासन के चार अंग हैं। साधु, साध्वी, श्रावक, श्राविका। साधु साध्वियों का जितना महत्व है, उतना ही श्रावक-श्राविकाओं का भी है। अहिंसा आदि व्रतों का जो पालन करता है, वह श्रावक कहलाता है। जो श्रद्धावान है, विवेक संपन्न है और कर्तव्य के प्रति जागरुक व क्रियाशील है, वह श्रावक होता है। श्रावक का व्यवहार अन्य मनुष्यों से श्रेष्ठ होना चाहिए। श्रावक के पंचशील श्रद्धा, वंदना, विसर्जन, पर्युषण साधना, साधार्मिक वात्सल्यता बताये गए हैं। श्रावक तत्वज्ञान, व्यसनमुक्ति व आहार शुद्धि की साधना करे। मुनिप्रवर ने आगे कहा- श्रावक प्रदर्शन, विलासिता, भोग आदि का जीवन नहीं जीए। देव, गुरु, धर्म के प्रति आस्था रखे। एक दूसरे के सुख-दुःख में सहभागी बने। अपना आत्मनिरीक्षण करता रहे, जिससे अस्थिरता का भाव न आए। श्रावक में अहंकार का भाव न आए, हमेशा विनम्र व अनागृह भाव रखे और गुणग्राही रहे। मुनिश्री ने आगे कहा श्रावकों को हमेशा धर्माराधना एवं यथार्थ गुणों की अनुमोदना करनी चाहिए। वैरावरोध इत्यादि से बचकर प्रमोदभाव का विकास करना चाहिए। मुनिश्री ने ज्ञानपंचमी पर भी सारगर्भित विचार रखे।


इस अवसर पर मुनि परमानंदजी ने कहा कि स्नेह का प्रकाश जीवन को सुखी बना सकता है। देव, गुरु, धर्म से स्नेह रखने वाला कल्याण को प्राप्त होता है। मुनि कुणाल ने समुधुर गीत का संगान किया। सुमधुर संगायिका अभिलाषा बांठिया एवं चमन चिंडालिया ने सुमधुर गीतों का संगान करके माहौल को भक्तिमय बना दिया। पूर्वांचल सभा के अध्यक्ष संजय सिंघी ने अपने विचार व्यक्त किये। चतुर्मास में सेवा देने वाले कार्यकर्ताओं व संस्थाओं का सभा द्वारा सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रकाश चंडालिया ने और आभार ज्ञापन सभा मंत्री पंकज डोसी ने किया। इस अवसर पर विशाल संख्या में धर्मप्रेमी श्रद्धालु उपस्थित थे।



छठ पूजा से पहले लिलुआ जीटी रोड की एक झलक







# छठ पूजा पर श्रद्धालु बेहाल, टूटी सड़कें और जमा कचरा बना बड़ी मुसीबत

**हावड़ा, समाज्ञा :** छठ पूजा जैसे आस्था और स्वच्छता से जुड़े पर्व पर इस बार वॉर्ड-1 के श्रद्धालु भारी परेशानी का सामना कर रहे हैं। इलाके में सड़कों की जर्जर हालत और जगह-जगह जमा कचरे ने लोगों की राह कठिन बना दी है। खराब सड़कों के कारण व्रतधारियों को पूजा सामग्री लेकर जाना मुश्किल हो रहा है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि लंबे समय से सड़कें टूटी पड़ी हैं, इसके चलते उनकी रोजमर्रा की जिंदगी प्रभावित हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस कारण से पैदल चलना और वाहन चलाना दोनों ही मुश्किल हो गया है। पूर्व पार्षद साबित्री देवी साव ने बताया कि इलाके में वैट बंद होने के कारण कचरे के निस्तारण में दिक्कत आ रही है। उन्होंने यह भी कहा कि कचरे की गाड़ी रोज आती है, लेकिन यदि स्थानीय लोग अपना जिम्मा निभाते हुए कचरा गाड़ी में डालें तो समस्या काफी हद तक कम हो सकती है। साबित्री देवी साव ने एक गंभीर समस्या का भी जिक्र किया कि यह इलाका इंडस्ट्रियल क्षेत्र है। रात के अंधेरे का फायदा उठाकर कई कारखाने अपने कचरे को गाड़ियों में भरकर सड़क किनारे फेंक देते हैं। इससे न केवल इलाके की स्वच्छता प्रभावित हो रही है, बल्कि स्थानीय निवासियों की स्वास्थ्य सुरक्षा पर भी असर पड़ रहा है। पूर्व पार्षद ने बताया कि 1 नवंबर से पाड़ा समाधान योजना के अंतर्गत सभी कार्य शुरू किए जाएंगे। स्थानीय लोगों की ओर से दर्ज कराई गई शिकायतों और समस्याओं को ध्यान में रखते हुए संबंधित अधिकारियों ने निरीक्षण किया है। इलाके में इंजीनियर विशेषज्ञों ने माप-नाप कर लिया है और उनके अनुसार जल्द ही सड़क मरम्मत और कचरा प्रबंधन का कार्य आरंभ होगा। साबित्री देवी साव ने कहा कि वे स्वयं इस समस्या की भुक्तभोगी रही हैं। स्थानीय लोगों को उम्मीद है कि इस बार छठ के बाद उनके इलाके में राहत का सूरज जरूर उगेगा।



जे.एन. मुखर्जी रोड (वॉर्ड-1)

### हावड़ा कमल संघ ने छठव्रतियों की सुविधा के लिए लगाया सेवा शिविर

**हावड़ा, समाज्ञा :** छठ पर्व के पावन अवसर पर हावड़ा कमल संघ ने इस वर्ष भी किंग्स रोड नमक गोला घाट पर छठव्रतियों के लिए सेवा शिविर लगाया। यह सेवा शिविर पिछले 35 वर्षों से लगातार लगाया जा रहा है और हर वर्ष की तरह इस बार भी श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए व्यापक इंतजाम किए गए। इस शिविर में छठव्रतियों को पूजन सामग्री प्रदान की जाती है। दीवाली के बाद से ही गंगा घाट की सफाई और रास्तों के मरम्मत कार्य को हावड़ा नगर निगम और कमल संघ ने मिलकर तेजी से पूरा किया। भाजपा नेता उमेश राय ने बताया कि रविवार को यह सभी तैयारियां पूरी कर ली गईं ताकि व्रतधारी महिलाओं और श्रद्धालुओं को किसी तरह की असुविधा न हो। ।

## नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी पर हमलावर हुए कल्याण, कहा भ्रष्टाचारी

**हुगली, समाज्ञा :** श्रीरामपुर संसदीय सीट से सांसद कल्याण बनर्जी एक बार फिर नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी पर शब्दों के वाण चलाए। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष को सबसे बड़ा भ्रष्टाचारी कहा। पीएम मोदी और गृहमंत्री शाह पर भी कल्याण बनर्जी हमलावर हुए। उन्होंने कहा कि जबतक भाजपा की डबल इंजन वाली सरकार है तब तक दुष्कर्म की घटनाएं घटती रहेगी। टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी ने शनिवार को केंद्र सरकार और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि एसआईआर की प्रस्तावित अधिसूचना को लेकर जो तैयारी हो रही है, वह पूरी तरह से भाजपा के निर्देश पर की जा रही है। बनर्जी के अनुसार, केंद्रीय निर्वाचन आयोग बीजेपी के इशारे पर काम कर रहा है और इसका मकसद पश्चिम बंगाल में वैध मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से काटना है, ताकि चुनावी समीकरण भाजपा के पक्ष में हो सकें। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि टीएमसी किसी भी नाइंसाफी का विरोध करेगी और लोकतंत्र के खिलाफ किसी भी साजिश को सफल नहीं होने देगी। भाजपा नेता सुकांतो मजूमदार को खुली चुनौती देते हुए कल्याण बनर्जी ने कहा कि यदि सीआईएसएफ या बीएसएफ जैसी केंद्रीय एजेंसियां आम जनता पर अत्याचार करने की कोशिश करेंगी, तो टीएमसी चुप नहीं बैठेगी 'हम इसका मुंहतोड़ जवाब देंगे।' वहीं, उन्होंने विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी पर भी जमकर हमला बोला। उन्होंने शुभेंदु को 'मोदी और अमित शाह का नौकर' बताते हुए कहा कि अब उनका हाईकोर्ट ने रक्षाकवच हटा दिया है और वे 'नया रक्षाकवच पाने के लिए इधर-उधर भटक रहे हैं।' टीएमसी सांसद यहीं नहीं रुके उन्होंने शुभेंदु अधिकारी को अशिक्षित और बंगाल का सबसे बड़ा भ्रष्टाचारी कहा। बनर्जी ने तीखे लहजे में कहा 'अभी तो शुभेंदु की पूंछ जली है, जल्द ही उनका पूरा शरीर आग में जलेगा। कल्याण बनर्जी ने यह भी आरोप लगाया कि भाजपा और उनके समर्थक संस्थान लोकतंत्र को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि टीएमसी जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेगी।



## रिसड़ा में छठ पूजा की तैयारियां पूरी, भक्तिमय माहौल और कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

**हुगली, समाज्ञा :** लोक आस्था एवं सूर्य उपासना के महापर्व छठ पूजा के दूसरे दिन यानी खरना के अवसर पर रिसड़ा के 4 नंबर रेल गेट से लेकर प्रभाष नगर मोड़ तक छठ सामग्री का बाजार सजा रहा। श्रद्धालु पूजा सामग्री की खरीदारी में व्यस्त नजर आए। पूरा इलाका बिजली की रंगीन लाइटों से जगमगा उठा है और चारों ओर छठ के भक्ति गीतों की गूंज सुनाई दे रही है। बिहार से शुरू हुआ यह पर्व अब पूरे देश और दुनिया में मनाया जाता है। रिसड़ा, जिसे 'मिनी भारत' कहा जाता है, में पूर्वांचल के लोगों की बड़ी आबादी बसती है। इसलिए यहां भी बिहार की तरह बड़े उत्साह और धूमधाम से छठ पर्व मनाया जाता है। रिसड़ा नगरपालिका के चेयरमैन विजय सागर मिश्रा ने नगरपालिका क्षेत्र के सभी 12 गंगा घाटों का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि घाटों की साफ-सफाई, मरम्मत, बिजली लाइट, आपात व्यवस्था, बायो टॉयलेट और वैकल्पिक घाटों की तैयारी पूरी कर ली गई है। छठव्रतियों के लिए शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की गई है। सोमवार की सुबह व्रती उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित करेंगे। रिसड़ा में प्रदेश की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी वर्चूअल छठ पर्व का वर्चूअल उद्घाटन करेंगी। सड़कों से लेकर घाट पर बिजली चलित लाइट सड़क मरम्मत का काम पूरा कर लिया गया है। खुद पालिका चेयरमैन सभी 12 घाटों पर नजर बनाये रखेंगे। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। पुलिस बल, नगरपालिका के स्वयंसेवक, जीआरपी और आरपीएफ के जवान गंगा घाटों और रेल मार्ग पर तैनात रहेंगे। जलमार्ग पर स्पीड बोट से विशेष निगरानी की जाएगी। छठ व्रतियों को पूजा सामग्री वितरण और जागरुकता अभियान भी चलाया जा रहा है, साथ ही छोटे बच्चों को घाटों पर न ले जाने की अपील की जा रही है।



## हावड़ा बस स्टैंड पर बस में चोरी की घटना में दो आरोपी गिरफ्तार

### गोलाबाड़ी पुलिस ने आरोपियों को रिषड़ा से दबोचा

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा स्टेशन के बस स्टैंड पर खड़े बसों में उठकर यात्रियों के बैग लेकर फरार होने की घटना में गोलाबाड़ी थाने की पुलिस ने रिषड़ा से दो लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के नाम श्यामसुंदर सुर उर्फराजू (35) और मनोहर साहू (29) है। उनके पास से छह बैग और तीन लैपटॉप बरामद किए गए हैं। रविवार को आरोपियों को को हावड़ा कोर्ट में पेश किया गया। इस बीच, पुलिस ने गिरफ्तार लोगों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ की है। बताया गया है कि आरोपी हावड़ा स्टेशन परिसर में बस चैनल में खड़ी खाली बसों से यात्रियों के बैग छीनकर फरार हो जाते थे। पुलिस ने कहा कि बसें अलग-अलग रूटों पर जाने के लिए हावड़ा स्टेशन बस स्टैंड के चैनल में खड़ी होती हैं फिर, जब वे किसी जरूरत के लिए बस से उतरते, तो अपना बैग खाली बस में छोड़ देते। और ठीक उसी समय, श्यामसुंदर उर्फ राजू बस में चढ़ जाता और सीट पर छोड़े गए यात्रियों के बैग लेकर भाग जाता। यात्रियों के बैग में अक्सर लैपटॉप, जरूरी ऑफिस के दस्तावेज और पैसे होते थे। पता चला है कि राजू इन बैगों को मनोहर को बेच देता था। पिछले दो महीनों में गोलाबाड़ी थाने को ऐसी चोरी की कई शिकायतें मिली हैं। आखिरकार, जांच के बाद दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। साथ ही, जांचकर्ताओं ने गिरफ्तार व्यक्तियों के पास से छह बैग और तीन लैपटॉप बरामद किए।



एक छठ ऐसा भी... सैप 2 बटालियन के जवानों ने पेश की मानवता की मिसाल

## ट्रेन दुर्घटना में जान गंवाने सैनिक के शव को सम्मानपूर्वक उनके घर तक पहुंचाने में की मदद

**कहा... हमारा छठ यही हैं- अपने भाई के लिए, अपने देश के लिए**

कोलकाता/रांची : झारखंड पुलिस अंतर्गत सैप 2 बटालियन के एक नायब सूबेदार और जवान ने ट्रेन दुर्घटना में एक सैनिक की मौत की सूचना के बाद तत्परता व शव को उनके घर तक पहुंचाने में मदद का हाथ बढ़ाकर मानवता की मिसाल पेश की है। दरअसल, रविवार सुबह लगभग 7:30 बजे दिल्ली-डिब्रूगढ़ राजधानी एक्सप्रेस से कटकर बिहार के मानसी स्टेशन पर एक सेवारत सैनिक की मौत की दुखद घटना घटी। सैनिक का मानसी स्टेशन पर ट्रेन से उतरते समय पर्स प्लेटफ़ार्म पर गिर गया। जब वे उसे उठाने झुके, ट्रेन चल पड़ी। उन्होंने ट्रेन में चढ़ने का प्रयास किया, परंतु फिसलकर नीचे गिर गए और वहीं उनकी मृत्यु हो गई।

यह सूचना जब झारखंड में सैप 2 बटालियन के कमांडेंट कर्नल (सेवानिवृत्त) जेके सिंह को प्राप्त हुई तो उन्होंने तत्काल नायब सूबेदार मुरारी कुमार (सेवानिवृत्त), जो मुंगेर, बिहार में छठ पूजा के अवसर पर अवकाश पर थे, से संपर्क किया। सूचना मिलते ही उन्होंने बिना एक क्षण गंवाए धार्मिक अनुष्ठानों को बीच में छोड़ दिया। उन्होंने पहले एक आटो लिया, फिर लोकल ट्रेन पकड़ी, और फिर एक और ट्रेन बदलकर मानसी रेलवे स्टेशन पहुंच गए। रास्ते में उन्होंने किसी भी असुविधा या खर्च की परवाह नहीं की। वे नकद 25,000 रुपये भी अपने साथ लेकर निकले ताकि आवश्यकता पड़ने पर बर्फ के ताबूत, शव वाहन या शव को पटना या अमृतसर वायु मार्ग से भेजने की व्यवस्था की जा सके।

उधर, सिपाही राजकुमार (सेवानिवृत्त), जो दानापुर में छठ पूजा पर ही अवकाश पर थे से भी कर्नल जेके सिंह ने फोन पर बात की और उनसे हवाई अड्डे के अधिकारियों से संपर्क साधने हेतु कहा। इसके बाद सिपाही राजकुमार ने भी क्षणभर की देर किए बिना घर से प्रस्थान किया।

दोनों जानते थे कि यह छठ पूजा का दिन है- एक ऐसा पर्व, जब प्रत्येक व्यक्ति आस्था में लीन रहते हैं। वे कह सकते थे कि आज छठ पूजा का खरना है, अभी कहीं जाना मुश्किल है। पर नहीं, उन्होंने कर्तव्य को धर्म से ऊपर रखा, मानवता को परंपरा से पहले रखा और राष्ट्र सेवा को सबसे ऊंचा माना।

मानसी स्टेशन पहुंचकर नायब सूबेदार मुरारी कुमार ने जीआरपी अधिकारी श्री चौहान के साथ मिलकर समूची स्थिति को संभाला, शव की सुरक्षा, दस्तावेज़ी प्रक्रिया और आगे की कार्यवाही में सहयोग किया। उसी समय, सिपाही राजकुमार हवाई अड्डे पर एयर कॉर्डिनेशन सुनिश्चित करने के लिए लगे रहे। कर्नल जेके सिंह के अनुसार, जब मैंने दोनों से पूछा कि उन्होंने यात्रा और व्यवस्था में कितना खर्च किया, तो उनका उत्तर बड़ा भावपूर्ण था- कोई भुगतान नहीं, सर। यह तो हमारा फर्ज़ है। सेना ने हमें जो बनाया, हम उसी के ऋणी हैं। यह हमारी पूजा है, हमारा छठ यही है- अपने भाई के लिए, अपने देश के लिए। दोनों ने अपने एक अज्ञात सैनिक भाई के शव को सम्मानपूर्वक उनके घर तक पहुंचाने में मदद की। मृतक सैनिक की पहचान हवलदार सतिंदर सिंह के रूप में हुई जो पंजाब के लुधियाना के रहने वाले थे।

कर्नल जेके सिंह के अनुसार, यह घटना बताती है कि सच्चे सैनिक कभी रिटायर नहीं होते। वे हर परिस्थिति में, हर त्यौहार पर, हर कठिनाई में अपने फर्ज़ को सबसे ऊपर रखते हैं। सिंह ने कहा कि आज का यह छठ उन दोनों जवानों के नाम हैं, जिन्होंने अस्त होते सूर्य को नहीं, बल्कि राष्ट्रधर्म के उगते सूर्य को प्रणाम किया।



नायब सूबेदार मुरारी कुमार




सिपाही राजकुमार सिंह

## बसिरहाट में नहर किनारे मिला अज्ञात युवक का सड़ा-गला शव

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिले के बसिरहाट के खोलापोता ग्राम पंचायत क्षेत्र में रविवार को एक अज्ञात युवक का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। शव में सड़न लग चुकी थी, जिससे अनुमान लगाया जा रहा है कि उसकी मौत कई दिन पहले हुई थी। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, माटिया थाना अंतर्गत गोविंदपुर इलाके में नहर किनारे पिछले कुछ दिनों से दुर्गंध आ रही थी। रविवार को जब गंध और तेज हो गई, तो स्थानीय लोगों ने खोजबीन शुरू की। इसी दौरान उन्हें नहर के किनारे एक शव पड़ा मिला। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। माटिया थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बरामद किया। पुलिस ने बताया कि मृत युवक स्थानीय निवासी नहीं है। उसके शरीर पर सड़न लग चुकी है और अनुमान है कि उसकी मौत तीन से चार दिन पहले हुई होगी। पुलिस का मानना है कि मृतक की उम्र लगभग 32 से 35 वर्ष के बीच है। सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। इस बीच, पुलिस ने आसपास के थानों को भी सूचना भेजी है ताकि युवक की पहचान की जा सके। घटना से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है।



## कांदी अस्पताल में नर्स से उत्पीड़न का आरोप, 24 घंटे के अंदर चार गिरफ्तार

**मुर्शिदाबाद :** जिले की कांदी थाने की पुलिस ने एक सरकारी अस्पताल में कार्यरत एक नर्स पर हमले के सिलसिले में महज 24 घंटे के भीतर चार लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों में दो पुरुष और दो महिलाएं शामिल हैं। बता दें कि गत शनिवार की शाम कांदी उप-जिला अस्पताल में एक मरीज को इलाज में देरी के कारण तनाव फैल गया। कथित तौर पर, मरीज के परिवार ने उस समय ड्यूटी पर मौजूद एक नर्स पर भी हमला किया। दरअसल, शनिवार को छुट्टी होने के कारण अस्पताल का स्टाफ अपे-क्षाकृत कम था। फिर भी, आपातकालीन सेवाओं को बनाए रखने के प्रयास किए जा रहे थे। उस समय, खड़ग्राम के बलियाहाट से माज़ेम शेख नामक एक मरीज को सीने में दर्द की शिकायत के साथ भर्ती कराया गया था। परिवार ने आरोप लगाया कि भर्ती होने के बाद लंबे समय तक उन्हें कोई इलाज नहीं मिला। उनका दावा है कि किसी ने भी मरीज की तरफ देखा तक नहीं, जिससे परिवार में गुस्सा फैल गया। इलाज में देरी को लेकर मरीज के परिजनों की शुरुआत में डॉक्टरों और नर्सों से बहस हुई। कुछ ही देर में स्थिति नियंत्रण से बाहर हो गई। कथित तौर पर, मरीज के परिवार ने नर्सों के कमरे में घुसकर तोड़फोड़ की, आवश्यक दस्तावेज नष्ट कर दिए और एक नर्स पर शारीरिक हमला किया। अस्पताल में दहशत फैल गई। घटना के बाद, अस्पताल प्रशासन ने कांदी थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू की। लगातार तलाशी के बाद, 24 घंटे के भीतर चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। बताया जा रहा है कि गिरफ्तार आरोपियों को सोमवार को अदालत में पेश किया जाएगा।



## ओडिशा की बच्ची का उसी के रिश्तेदार ने किया अपहरण, पुलिस ने पश्चिम बंगाल से बरामद किया

**ब्रह्मपुर/कोलकाता :** ओडिशा के गंजाम जिले से रिश्तेदार द्वारा कथित रूप से अपहृत दो वर्षीय लड़की को पुलिस ने पश्चिम बंगाल से रविवार को सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान विशाल बाबन मोहिते (28) के रूप में हुई है। मोहिते खाने-पीने का सामान दिलाने के लिए बृहस्पतिवार को लड़की को लेकर गया था लेकिन काफी समय बाद भी वापस नहीं लौटने पर लड़की की मां ने उससे संपर्क करने की कोशिश तो उसका फोन बंद था। पुलिस ने बताया कि बहुत देर बाद मोहिते ने फोन किया और कहा कि वह बच्ची को लेकर ब्राम्हणीगांव स्थित अपने घर आया है। जब लड़की के माता-पिता ब्राम्हणीगांव पहुंचे तो वह वहां नहीं मिली। फिर मोहिते ने उन्हें बताया कि वे गजपति जिले के अदावा में हैं लेकिन वहां जाने पर भी वह और बच्ची वहां नहीं मिले। परिवार ने आरोपी से फिर संपर्क किया तो उसने बच्ची की वापसी के बदले में डेढ़ लाख रुपये की मांग की। पुलिस अधीक्षक (ब्रह्मपुर) सरवण विवेक एम. ने बताया कि लड़की की मां ने शुक्रवार को बैद्यनाथपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई और उसे बचाने के लिए एक टीम गठित की गई। उन्होंने कहा कि तकनीकी जानकारी के आधार पर पुलिस टीम पहले पुरी गई लेकिन तब तक आरोपी वहां से भुवनेश्वर के लिए निकल चुका था और फिर पुलिस बस से कोलकाता की ओर गई। उन्होंने कहा कि बिना रुके टीम लगातार आरोपी का पीछा करती रही। आखिरकार उसे पश्चिम बंगाल के पूर्वी मेदिनीपुर जिले से पकड़ लिया गया और बच्ची को उसके कब्जे से मुक्त कराया गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि बच्ची को उसके परिवार से मिला दिया गया है।



## श्री श्याम मंदिर घुसुड़ीधाम में अन्नकूट महोत्सव में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने किया प्रसाद ग्रहण

**हावड़ा, समाज्ञा :** श्री श्याम मंदिर घुसुड़ीधाम में दीपोत्सव के बाद आयोजित होंने वाला अन्नकूट महोत्सव आज श्रद्धापूर्वक अनुष्ठित हुआ। मंदिर के प्रबंध न्यासी बिनोद टिबड़ेवाल ने बताया कि आज मध्यान्ह आरती के पूर्व बाबा श्याम को अन्नकूट प्रसाद अर्पित किया गया। तत्पश्चात आरती में उपस्थित श्रद्धालुओं सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने अन्नकूट प्रसाद ग्रहण किया। उल्लेखनीय है कि हर साल दीपावली के बाद आने वाले रविवार को मंदिर में अन्नकूट महोत्सव आयोजित होता है। इस बीच, 1 व 2 नवम्बर को मंदिर में बाबा श्याम के वार्षिक कार्तिक मेला श्री श्याम जयंती महोत्सव के भव्य विराट आयोजन की तैयारियां शुरू हो गई हैं। इस मेला के कार्यक्रम समन्वयक कपिल अग्रवाल के मुताबिक इस महोत्सव में बाबा श्याम की नयनाभिराम झांकी के साथ ही अखण्ड ज्योत, भजनों की अमृत वर्षा, रात्रि व्यापी अखण्ड ज्योति पाठ, बारस धोक, जात-जडूला, सवामनी प्रसाद अर्पण आदि कार्यक्रम अनुष्ठीत होंगे।



## राष्ट्रीय भोजपुरी एकता मंच ने छठ पूजन सामग्री वितरण समारोह किया आयोजित

**कोलकाता, समाज्ञा :** राष्ट्रीय भोजपुरी एकता मंच, कोलकाता द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सूर्य उपासना और आस्था के महापर्व छठ पूजा के पावन अवसर पर छठ पूजन सामग्री वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष त्रिभुवन कुमार मिश्रा ने की, जबकि संचालन मंच के महासचिव संतोष कुमार सिंह ने किया। आगंतुक अतिथियों का स्वागत मंच के संयोजक उमेश सिंह भोजपुरिया और मंच उपाध्यक्ष रामेश्वर तिवारी उर्फ मुन्ना बाबा ने किया। मंच उपाध्यक्ष मिथिलेश राय, हावड़ा जिला शाखा के अध्यक्ष नीरज सिंह और युवा शाखा के अध्यक्ष हरी तिवारी के कुशल नेतृत्व में कार्यक्रम में 250 व्रतधारियों को सूप, साड़ी, गमछा, नारियल, गागल, नींबू, अगरबत्ती, सिंदूर, बिंदिया और ईख सहित छठ पूजन सामग्री वितरित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों के रूप में आयकर विभाग के वरिष्ठ अधिकारी राकेश कुमार, उत्तर हावड़ा के पूर्व विधायक लखन देव सिंह, समाजवादी नेता अमिताभ दत्त, कोलकाता नगर निगम के पार्षद राजेश सिन्हा, हावड़ा जिला युवा तृणमूल कांग्रेस के अध्यक्ष कैलाश मिश्रा, पूर्व पार्षद देवकिशोर पाठक, पूर्व पार्षद पति रामदास मौर्य, युवा नेता सुरोजित चक्रवर्ती, समाजसेवी अशोक कुमार ओझा, मनोज पाराशर, भूमिहार एकता मंच के संयोजक जितेंद्र नाथ राय सहित कई गणमान्य लोग उप-स्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में नाटू पांडे, रविंद्र सिंह, मनीष शुक्ला, मधुरेश सिंह, बबलू सिंह, अशोक यादव, ओम प्रकाश राय, संतोष सिंह, मनोज वर्मा, सूरज मौर्य, अनिल अग्रवाल सहित अनेक स्वयंसेवकों ने अहम भूमिका निभाई।



# राष्ट्रपति मुर्मू ने यशोदा मेडिसिटी का उद्घाटन किया,कहा-स्वास्थ्य सेवा राष्ट्रीय विकास का अभिन्न अंग



**गाजियाबाद (उप्र):** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को कहा कि स्वास्थ्य सेवा राष्ट्रीय विकास का अभिन्न अंग है और किसी भी नागरिक को प्रभावी चिकित्सा सेवाओं से वंचित नहीं होना चाहिए। गाजियाबाद के इंदिरापुरम में एक निजी अस्पताल 'यशोदा मेडिसिटी' का उद्घाटन करने के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में सेवा देकर चिकित्सा पेशे से जुड़े लोग राष्ट्र की भी सेवा कर रहे हैं। उन्होंने कहा, ''मैं आप सभी की प्रतिबद्धता की सराहना करती हूं। मुझे यह जानकर खुशी हुई कि यशोदा अस्पताल राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राथमिकताओं के अनुरूप ईमानदारी से काम कर रहा है।'' इस कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल भी उपस्थित रहीं। राष्ट्र निर्माण में स्वास्थ्य सेवा की भूमिका पर जोर देते हुए राष्ट्रपति ने कहा, 'स्वास्थ्य सेवा राष्ट्रीय विकास का एक अभिन्न अंग है।' लोगों को बीमारियों से बचाना और उनके स्वास्थ्य मानकों में सुधार लाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है, जो देश भर में स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे और चिकित्सा सेवाओं का निरंतर विस्तार कर रही है। उन्होंने आगे कहा, 'ये प्रयास एक स्वस्थ और विकसित भारत के निर्माण में योगदान देंगे।'' राष्ट्रपति ने देश के हर कोने तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा पहुंचाने के लिए निजी क्षेत्र सहित सभी हितधारकों की सक्रिय भागीदारी का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा, 'किसी भी नागरिक को प्रभावी चिकित्सा सेवाओं से वंचित नहीं होना चाहिए। अच्छे निजी संस्थान इस लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।'

## अब उप्र के लोगों को इलाज के लिए दिल्ली में नहीं भटकना होगाः योगी आदित्यनाथ

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि अब राज्य के लोगों को इलाज के लिए दिल्ली में नहीं भटकना पड़ेगा। आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश अब स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में नयी ऊंचाइयों को छू रहा है। स्वास्थ्य क्षेत्र में निवेश, नवाचार और गुणवत्तापूर्ण सुविधाओं की दिशा में राज्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गाजियाबाद में स्थापित यशोदा मेडिसिटी इसका सशक्त उदाहरण है और यह केवल एक अस्पताल नहीं, बल्कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचा की एक नयी परिभाषा है। उन्होंने कहा कि इस संस्थान के माध्यम से न केवल राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश के नागरिकों को अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाएं एक ही छत के नीचे प्राप्त होंगी। योगी ने कहा कि प्रदेश के लोगों को अब दिल्ली में महंगे इलाज के लिए भटकने की जरूरत नहीं, क्योंकि गाजियाबाद में ही विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध हो गई है।

## स्वस्थ भारत ही विकसित भारत की आधारशिला : राजनाथ सिंह

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को कहा कि स्वस्थ भारत ही विकसित भारत की आधारशिला है। यशोदा मेडिसिटी के उद्घाटन के अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा, ''हम उस भारत की ओर बढ़ रहे हैं जिसका सपना हमारे पूर्वजों ने देखा था, जो शक्तिशाली और स्वस्थ हो।' उन्होंने कहा, 'हमारा हर कदम, हर नीति, हर प्रयास देश के गरीब, वंचित और ग्रामीण जनमानस को समर्पित है। हम मानते हैं कि जब भारत का हर नागरिक स्वस्थ होगा तभी भारत सशक्त होगा।' सिंह ने कहा, 'हमें 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित करना है।

## न्यूज इन ब्रीफ

### राजस्थान सरकार ने 67 आरएएस अधिकारियों के तबादले किए

**जयपुर:** राजस्थान सरकार ने राजस्थान प्रशासनिक सेवा (आरएएस) के 67 अधिकारियों के तबादले किए हैं जिनमें 32 उपखण्ड अधिकारी शामिल हैं। राज्य के कार्मिक विभाग ने शनिवार देर रात तबादला सूची जारी की। इसके तहत अजमेर के अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट (एडीएम) गजेंद्र सिंह राठौड़ को माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर में सचिव पद पर लगाया गया है। इस पद पर कार्यरत आरएएस कैलाश चंद को जिला परिषद दौसा का सीईओ बनाया गया। इसी तरह एडीएम (जयपुर पूर्व) संजय कुमार माथुर, एडीएम (दौसा) रामस्वरूप चौहान, एडीएम (जयपुर-तृतीय) नरेंद्र कुमार वर्मा, एडीएम (शाहपुरा-भीलवाड़ा) रामावतार कुमावत का भी तबादला किया गया है। सरकार ने झुंझुनूं, करौली, जैसलमेर, भरतपुर, अलवर, कोटपूतली-बहरोड़, टोंक, प्रतापगढ़, झालावाड़, बूंदी, उदयपुर, बांसवाड़ा समेत कई जिलों में उपखण्ड अधिकारियों का भी तबादला कर दिया है।

### झारखंड: छठ पर्व के दौरान नदी में स्नान करने गये तीन लोग लापता

**मेदिनीनगर (झारखंड):** झारखंड के पलामू जिले में छठ पूजा के मौके पर रविवार को सोन नदी में स्नान करने गये तीन लोग लापता हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि इनमें से दो लोग बिहार से हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि घटना हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के पोखराही गांव के निकट उस समय हुई जब छह लोग नदी में स्नान करने गये थे और उनमें से तीन लोग तेज बहाव में बह गए। हुसैनाबाद के थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने बताया कि तीन अन्य तैरकर किनारे पहुंच गए। उन्होंने बताया कि लापता लोगों का पता लगाने के लिए गोताखोरों की मदद ली जा रही है। अधिकारी ने बताया कि तीनों में से अंकुश पासवान (22) और आदर्श चंद्रवंशी (22) बिहार के औरंगाबाद और गयाजी जिलों के रहने वाले थे। वे छठ पर्व मनाने के लिए अपनी ससुराल आये थे। उन्होंने बताया कि अन्य लापता व्यक्ति रजनीश चंद्रवंशी (23) है, जो पोखराही गांव का रहने वाला है।

### भगत सिंह की 'तुलना' हमास से करने के लिए कांग्रेस सांसद इमरान मसूद के खिलाफ विरोध प्रदर्शन

**सहारनपुर:** पंजाबी महासंघ नाम के एक संगठन ने रविवार को कांग्रेस सांसद इमरान मसूद द्वारा भगत सिंह की 'तुलना' हमास से करने के विरोध में यहां विरोध प्रदर्शन किया और उनसे स्वतंत्रता सेनानी की प्रतिमा पर फूल चढ़ाकर माफी की मांग की। अपनी बाहों पर काली पट्टियां बांधे प्रदर्शनकारी भगत सिंह चौक पर एकत्र हुए और मसूद के खिलाफ नारे लगाए। पंजाबी महासंघ के अध्यक्ष योगेश दुआ ने कहा कि शुक्रवार को मसूद ने टीवी पर कहा था कि हमास के सदस्य भगत सिंह जैसे हैं। भगत सिंह ने आजादी की लड़ाई में अपने प्राणों की आहुति दी थी। दुआ ने कहा, हमास एक ऐसा संगठन है, जिसने निर्दोष लोगों की हत्या की और आजादी के लिए लड़ने का दावा करता है। भगत सिंह ने कभी किसी की हत्या नहीं की और अगर उन्होंने बम भी फेंका, तो वह प्रतीकात्मक रूप से अंग्रेजों को संदेश देने के लिए किया। भगत सिंह ने कभी किसी की हत्या नहीं की।

### गायक फाजिलपुरिया पर हमला, प्रॉपर्टी डीलर की हत्या के आरोप में दिल्ली हवाई अड्डे पर गैंगस्टर गिरफ्तार

**गुरुग्राम:** हरियाणवी गायक राहुल फाजिलपुरिया पर गोलीबारी और प्रॉपर्टी डीलर रोहित शौकीन की हत्या के मुख्य आरोपी गैंगस्टर सुनील सरधानिया को रविवार तड़के दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। आरोपी कोस्टा रिका से भारत लौटा था और हवाई अड्डे पर पहुंचते ही उसे गिरफ्तार कर लिया गया। हालांकि, सूत्रों का दावा है कि उसे स्विट्जरलैंड के ज्यूरिख से प्रत्यर्पित करके भारत लाया गया था। पुलिस के अनुसार, सरधानिया और उसके सहयोगी दीपक नांदल ने 14 जुलाई को सेक्टर 71 में सदर्न पेरिफेरल रोड पर फाजिलपुरिया के वाहन पर गोलीबारी करने और सेक्टर 77 में पाम हिल्स सोसाइटी के पास शौकीन की गोली मारकर हत्या करने की जिम्मेदारी ली थी। पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) करण गोयल ने कहा, ''आरोपी गायक राहुल फाजिलपुरिया पर गोलीबारी, रोहित शौकीन की हत्या और गुरुग्राम में एक प्रॉपर्टी डीलर के कार्यालय पर हमले की साजिश रचने तथा उन्हें हथियार मुहैया कराने में शामिल था।'

## 'हरियालो राजस्थान' के तहत 11.61 करोड़ से अधिक पौधारोपण : मुख्यमंत्री शर्मा



**जयपुर:** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को कहा कि 'हरियालो राजस्थान' अभियान के तहत राज्य में 11.61 करोड़ से अधिक पौधारोपण किया गया है। उन्होंने कहा कि इस पौधारोपण अभियान से राज्य में 'ग्रीन कवर' के साथ ही जैव विविधता को बढ़ावा मिलेगा। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को 'मन की बात' कार्यक्रम की 127वीं कड़ी में देशवासियों को संबोधित किया। मुख्यमंत्री शर्मा ने सवाई मानसिंह स्टेडियम के इंडोर हॉल में 'मन की बात' कार्यक्रम को सुना। इस अवसर पर शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान से प्रेरित होकर राज्य सरकार मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान 'हरियालो राजस्थान' चला रही है। इस अभियान में इस वर्ष अब तक 11 करोड़ 61 लाख से अधिक पौधे लगाए गए हैं। इन पौधों से प्रदेश में हरित क्षेत्र के साथ ही जैव विविधता को भी बढ़ावा मिलेगा।

## बिहार: भाकपा (माले) के घोषणा पत्र में भूमिहीनों को न्याय, 65 फीसदी आरक्षण सहित कई वादे

**भोजपुर:** बिहार विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) मार्क्सवादी-लेनिनवादी (माले)-लिबरेशन ने रविवार को अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया। घोषणापत्र में भूमिहीनों के लिए न्याय, लगभग 21 लाख एकड़ भूमि का पुनर्वितरण, किसानों व ग्रामीण मजदूरों के लिए कर्ज माफी और वंचित समुदायों को 65 प्रतिशत आरक्षण सहित कई वादे किए गए हैं। भोजपुर में दलित नेता राम नरेश राम (परसजी) की 15वीं पुण्यतिथि पर निकाली गई 'संकल्प यात्रा' के बाद यह घोषणा पत्र जारी किया गया। पार्टी ने भूमिहीनों को न्याय सुनिश्चित करने के लिए हर भूमिहीन व बेघर परिवार को ग्रामीण क्षेत्रों में पांच डिसमिल और शहरी क्षेत्रों में तीन डिसमिल जमीन तथा एक पक्का घर देने का वादा किया। एक डिसमिल 435.6 वर्ग फुट के बराबर होता है। पार्टी ने बंद्योपाध्याय आयोग की सिफारिशों को लागू करते हुए करीब 21 लाख एकड़ भूमि के पुनर्वितरण का वादा किया। वर्ष 2006 में डी. बंद्योपाध्याय की अध्यक्षता में गठित बिहार राज्य आयोग ने व्यापक भू-सुधार की सिफारिश की थी। भाकपा (माले) ने पुनर्वास के बिना किसी गरीब को विस्थापित न करने का भी वादा किया। पार्टी ने किसानों और बटाईदारों के लिए सभी फसलों की सरकारी खरीद, लाभकारी मूल्य की गारंटी, किसानों व ग्रामीण मजदूरों का कर्ज माफ, कृषि के लिए मुफ्त बिजली, हर खेत तक पानी, नहरों का आधुनिकीकरण, पहचान पत्र व अधिकारों की गारंटी, बटाईदारों की बेदखली पर रोक, कृषि उपज विपणन समिति ,(एपीएमसी कानून की बहाली सहित कई प्रावधानों का वादा किया है। पार्टी ने महागठबंधन के वंचित समुदायों को 65 फीसदी आरक्षण देने व इसे नौवीं अनुसूची में शामिल करने के वादे को दोहराया। भाकपा (माले) ने साथ ही बिजली, राशन और पेंशन जैसी बुनियादी जरूरतों की गारंटी, दलितों और गरीबों के खिलाफ हिंसा, पुलिस ज्यादती और भ्रष्टाचार पर सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया। पार्टी द्वारा किये गये अन्य वादों में 1500 रुपए मासिक वृद्धावस्था पेंशन, दो लाख रुपए तक के सभी कर्ज माफ, रसोइया, आशा, आंगनवाड़ी, ममता, जीविका व सफाईकर्मियों को नियमित वेतन और सरकारी दर्जा शामिल है। पार्टी ने मनरेगा के तहत 200 दिनों का रोजगार, 600 रुपए दैनिक मजदूरी और पुरानी पेंशन योजना की बहाली का भी वादा किया।

## झांसी में जीआरपी ने बरामद किये चोरी के 80 लाख रुपये, एक व्यक्ति गिरफ्तार



**झांसी (उप्र):** महाराष्ट्र के ठाणे से चोरी की रकम लेकर पश्चिम बंगाल भाग रहे एक बदमाश को हावड़ा एक्सप्रेस में जांच के दौरान राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) ने झांसी में पकड़ लिया। उसके कब्जे से चोरी के 80 लाख से अधिक रुपये बरामद किये गये। जीआरपी के क्षेत्राधिकारी सलीम खान ने रविवार को बताया कि मानिकपुर जीआरपी थाना प्रभारी के नेतृत्व में 25/26 अक्टूबर की दरमियानी रात को की जा रही जांच के दौरान ट्रेन संख्या-12322 मुंबई-हावड़ा एक्सप्रेस के एस-4 में एक संदिग्ध व्यक्ति के बैग की जांच करने का प्रयास किया तो वह घबराकर भागने लगा। उसे दौड़ा कर पकड़ लिया गया। उसकी पहचान पश्चिम बंगाल के गोपालपुर निवासी किशोर मिस्त्री के रूप में हुई है। उसके पास से चोरी के कुल 80 लाख एक हजार 500 रुपये बरामद हुए हैं। खान के मुताबिक पूछताछ में मिस्त्री ने बताया कि वह महाराष्ट्र के ठाणे से उस धनराशि को चोरी करके भागा है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में ठाणे पुलिस से संपर्क करने पर पता चला कि मिस्त्री के खिलाफ ठाणे में मुकदमा दर्ज है। इस संबंध में कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### संभल दंगों के मुख्य साजिशकर्ता के खिलाफ जल्द ही जारी होगा रेड कॉर्नर नोटिस : पुलिस अधीक्षक

**संभल:** उत्तर प्रदेश के संभल जिले में पिछले वर्ष हुई हिंसा के मामले में 'मुख्य साजिशकर्ता' शारिक साटा के खिलाफ जल्द ही रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया जाएगा। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। संभल के पुलिस अधीक्षक (एसपी) कृष्ण कुमार बिश्नोई ने रविवार को संवाददाताओं से कहा कि पिछले साल यहां हुई हिंसा में शारिक साटा नाम का व्यक्ति मुख्य षडयंत्रकारी के रूप में उभर कर आया, जिसकी पुलिस तलाश कर रही है। उसके खिलाफ जल्द ही रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया जाएगा। बिश्नोई ने बताया कि मुख्य आरोपी शारिक साटा ने अपने साथियों के साथ मिलकर पिछले साल संभल में हुई हिंसा की योजना बनायी थी।

## बिहार : भाजपा नेता संजय जायसवाल को रंगदारी कॉल मामले में एक गिरफ्तार



**बेतिया:** लोकसभा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के मुख्य सचेतक एवं पश्चिम चंपारण से सांसद संजय जायसवाल से 10 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने और उनके बेटे की हत्या की धमकी देने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। बेतिया के पुलिस अधीक्षक शौर्य सुमन ने बताया कि शिकायत दर्ज होने के 24 घंटे के भीतर इस मामले का खुलासा कर लिया गया। जायसवाल भाजपा की बिहार इकाई के पूर्व अध्यक्ष भी रहे हैं। उन्हें शुक्रवार दोपहर कुछ ही मिनटों के अंतराल पर धमकी भरे दो फोन कॉल आए। जायसवाल ने शनिवार को इस संबंध में थाने में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद टाउन थाना में मामला दर्ज किया गया। सुमन ने कहा कि मामले की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित किया गया, जिसने तकनीकी साक्ष्यों का विश्लेषण किया। पुलिस अधीक्षक ने कहा, 'इससे हमें उस मोबाइल फोन के मालिक तक पहुंचने में मदद मिली, जिससे कॉल किया गया था। फोन के असली मालिक को कल पकड़ा गया। उसने बताया कि तीन महीने पहले यह फोन चोरी हो गया था।' उन्होंने कहा, 'आगे की जांच में एक आरोपी अशोक को गिरफ्तार किया गया। कॉल करने में इस्तेमाल मोबाइल फोन और सिम कार्ड बरामद कर लिए गए हैं, जिन्हें नष्ट करने की कोशिश की गई थी।' एसपी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ बीएनएसएस की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया है और अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

# अब 'बिहारी होना' राज्य के लोगों के लिये गर्व की बात: नीतीश



**पटना:** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को दावा किया कि नवंबर 2005 में उनकी सरकार बनने के बाद राज्य में कानून-व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार हुआ है और आज ''बिहारी होना' राज्यवासियों के लिए गर्व की बात है। 'एक्स' पर एक पोस्ट में उन्होंने लिखा, लोग 2005 से पहले का बिहार नहीं भूल सकते, जब अपराध और भ्रष्टाचार चरम पर थे। हमारी सरकार आने के बाद कानून-व्यवस्था की बहाली को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई। अपराध और भ्रष्टाचार पर शून्य सहनशीलता की नीति अपनाई गई। अब राज्य में भय और आतंक का माहौल नहीं है। अब बिहारी होना राज्य के लोगों के लिये गर्व की बात है।' मुख्यमंत्री ने विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' पर नाम लिए बिना निशाना साधते हुए कहा कि 2005 से पहले (जब राजद सत्ता में थी) राज्य में पूरी तरह अराजकता का माहौल था। उन्होंने लिखा, 'शाम छह बजे के बाद लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो जाता था। हमारी बहन-बेटियां सुरक्षित नहीं थीं। अपहरण उद्योग का रूप ले चुका था। शोरूम से वाहन लूट लिए जाते थे। अपराधियों के डर से कोई नई गाड़ी खरीदना नहीं चाहता था।' उन्होंने दावा किया, पैसे वाले लोग भी नया मकान बनाने से कतराते थे। उगाही करने वालों के आतंक से उद्योग-धंधे बंद हो गए थे। डॉक्टर और इंजीनियर राज्य छोड़कर जा रहे थे। उन्होंने कहा, 'पूरी व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी थी। कानून-व्यवस्था जैसी कोई चीज नहीं थी। अपराध को सत्ता में बैठे लोग संरक्षण देते थे। लोग भय के साए में जीने को मजबूर थे। उस समय बिहारी होना अपमान माना जाता था।'

## बिहार: छठ के 'खरना प्रसाद' के लिए मुख्यमंत्री नीतीश पहुंचे चिराग के घर

**पटना:** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार रविवार को लोक जनशक्ति पार्टी (राम विलास) के प्रमुख और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के घर पहुंचे, जहां उन्होंने छठ पूजा के तहत होने वाले 'खरना' प्रसाद ग्रहण किया। 'खरना' के बाद श्रद्धालु 36 घंटे के कठिन उपवास की शुरुआत करते हैं। चिराग ने अपने श्रीकृष्ण पुरी स्थित आवास पर पहुंचे जनता दल यूनाइटेड (जदयू) सुप्रीमो की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा कीं। उन्होंने 'एक्स' पर कहा, ''माननीय मुख्यमंत्री जी, मेरे घर पधारकर 'खरना प्रसाद' ग्रहण करने के लिए धन्यवाद। मेरे परिवार और मुझे आपके द्वारा व्यक्त की गई शुभकामनाओं के लिए आभार।'' सोशल मीडिया पर जारी तस्वीरों में कुमार को चिराग एवं उनके परिवार के करीबी सदस्यों के साथ देखा जा सकता है। इन करीबी सदस्यों में चिराग की मां रीना पासवान और बहनोई अरुण भारती (जमुई के सांसद) मौजूद थे। चिराग पूर्व में दो बार जमुई सीट का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं हालांकि बाद में उन्होंने अपने पिता की परंपरागत सीट हाजीपुर का रुख किया था।

## न्यूज अपडेट

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गढ़मुक्तेश्वर और तिगरी मेले की तैयारियों का जायजा लिया



**लखनऊ/गढ़मुक्तेश्वर:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को हापुड़ जनपद के गढ़मुक्तेश्वर में लगने वाले वार्षिक कार्तिक पूर्णिमा मेले और अमरोहा के तिगरी मेले की तैयारियों का निरीक्षण किया तथा सभी संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। बयान के अनुसार मेला स्थल का हवाई सर्वेक्षण करने के बाद समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पावन अवसर पर प्रत्येक वर्ष लगभग 40 से 45 लाख श्रद्धालु गंगा तट पर स्नान और दीपदान के लिए पहुंचते हैं, इसलिए सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध और समन्वित हों ताकि किसी को असुविधा न हो। योगी ने यातायात, सुरक्षा, स्वच्छता, स्वास्थ्य, पेयजल और प्रकाश व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। इस वर्ष 30 अक्टूबर से पांच नवंबर तक चलने वाले इस मेले को 'मिनी कुंभ' के रूप में आयोजित करने की योजना बनाई गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोपरि है। गंगा घाटों पर राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और एसडीआरएफ की तैनाती, सीसीटीवी व ड्रोन निगरानी, बचाव अभियानी वाली नाव और सहायता केंद्र की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि मेले को स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के संदेश से जोड़ा जाए तथा एकल-उपयोग प्लास्टिक पर पूर्ण प्रतिबंध लागू किया जाए।

### उप्र दलित छात्र हत्याकांड : सहायता राशि का चेक विधायक ने परिजनों को सौंपा

नोएडा, 26 अक्टूबर (भाषा) उत्तर प्रदेश के नोएडा में दबंगों द्वारा की गई मारपीट में घायल दलित छात्र की उपचार के दौरान हुई मौत के बाद रविवार को जेवर के विधायक धीरेंद्र सिंह ने पीड़ित परिवार के लोगों से मिलकर उन्हें मुख्यमंत्री द्वारा दी गई पांच लाख रुपये की सहायता राशि का चेक प्रदान किया। विधायक ने बताया कि 18 वर्षीय अनिकेत के साथ 15 अक्टूबर को मारपीट हुई थी। उसका उपचार दिल्ली के एक अस्पताल में चल रहा था। उन्होंने बताया कि दो दिन पूर्व उपचार के दौरान अनिकेत की मौत हो गई थी। इस हृदय विदारक घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त हो गई है। धीरेंद्र सिंह ने कहा कि उन्होंने घटना वाले दिन पीड़ित परिवार से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी थी तथा मौके पर ही पीड़ित परिवार की उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से फोन पर बात करवाई थी। उन्होंने कहा कि 25 अक्टूबर को मुख्यमंत्री जेवर स्थित नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के दौरे पर आए थे। विधायक ने बताया कि 26 अक्टूबर को वह अनिकेत के घर गए तथा मुख्यमंत्री द्वारा प्रेषित की गई पांच लाख रुपये की त्वरित सहायता राशि का चेक मृतक अनिकेत के पिता सतीश कुमार, मां श्रीमती रेखा देवी को सौंपा। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार को पूरा न्याय मिलेगा और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने इस मामले को गंभीरता से लिया है तथा निष्पक्ष जांच का निर्देश दिया है।

### विंध्याचल दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालुओं की कार ट्रक से टकराई, तीन लोगों की मौत

**जौनपुर:** उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले के गंधोना गांव के पास रविवार सुबह मां विंध्याचल देवी के दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालुओं की कार एक खड़े हुए ट्रक से टकरा गई जिससे कार में सवार पति-पत्नी समेत तीन लोगों की मौत हो गई जबकि पांच अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार टक्कर इतनी जबर्दस्त थी कि बोलेरो कार के परखच्चे उड़ गए। मृतकों की पहचान आलोक वर्मा (38), उनकी पत्नी गुड़िया वर्मा (32) और वृद्धा फूला देवी (70) के रूप में हुई है। वहीं, घायल अभिराट वर्मा (16) सुभाष और मंजू को गंभीर अवस्था में ट्रॉमा सेंटर वाराणसी रेफर किया गया है, जबकि दो अन्य महिलाएं जिला अस्पताल के आईसीयू में भर्ती हैं, जिनकी हालत नाजुक बताई जा रही है। पुलिस अधीक्षक (एसपी) डॉ कौस्तुभ ने बताया कि बोलेरो में सवार श्रद्धालु अंबेडकरनगर जिले के इब्राहिमपुर थाना क्षेत्र के पालीपट्टी गांव के निवासी थे। शनिवार को सभी विंध्याचल धाम में दर्शन करने गए थे और रविवार सुबह वापस घर लौट रहे थे। सुबह करीब 11:30 बजे बोलेरो जैसे ही गंधोना गांव स्थित एचपी पेट्रोल पंप के पास पहुंची, तभी सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से टकरा गई।

## राजस्थान के कई जिलों में भारी बारिश की चेतावनी

**जयपुर:** राजस्थान में मौसम विभाग ने एक नए मौसमी तंत्र के परिणामस्वरूप आगामी दो दिन राज्य के कई जिलों में भारी से अत्यधिक भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। इसके अनुसार राज्य के दक्षिणी व पूर्वी भागों में 26 से 29 अक्टूबर को गरज के साथ मध्यम से भारी बारिश होने का अनुमान है। मौसम विज्ञान केंद्र-जयपुर के अनुसार दक्षिण-पूर्वी बंगाल की खाड़ी में बना अवदाब आज तीव्र होकर गहरे अवदाब में बदल गया। इसके आगामी 24 घंटे में तीव्र होकर चक्रवाती तूफान बनने व तत्पश्चात और तीव्र होकर 28 अक्टूबर को आंध्र प्रदेश तट की ओर तीव्र चक्रवाती तूफान के रूप में पहुंचने की प्रबल संभावना है। वहीं, एक और अवदाब मध्य-पूर्वी अरब सागर में स्थित है तथा एक नया पश्चिमी विक्षोभ उत्तर पश्चिमी भारत में 26 अक्टूबर से सक्रिय होने की संभावना है। इस तंत्र के असर से राजस्थान के दक्षिणी व पूर्वी भागों में 26 से 29 अक्टूबर के बीच मध्यम से भारी बारिश होने का अनुमान है तथा इस तंत्र का सर्वाधिक असर 27-28 अक्टूबर को होने की संभावना है। इसके अनुसार 27-28 अक्टूबर को उदयपुर, कोटा, अजमेर, जोधपुर, जयपुर व भरतपुर संभाग के कुछ जिलों में बादल गरजने व बिजली चमकने के साथ मध्यम से तेज बारिश होगी। कोटा, उदयपुर संभाग व आसपास के जिलों में 27 अक्टूबर को कहीं-कहीं भारी व अत्यधिक भारी बारिश जबकि 28 अक्टूबर को भारी बारिश होने की पूरी संभावना है।

## अगर 'इंडिया' गठबंधन सत्ता में आया तो वक्फ कानून कूड़ेदान में फेंक देंगे : तेजस्वी



**पटना/कटिहार:** बिहार विधानसभा चुनाव के लिए विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी यादव ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम को लेकर रविवार को तीखी टिप्पणी करते हुए कहा कि गठबंधन के सत्ता में आने पर इस अधिनियम को कूड़ेदान में फेंक दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अगर राज्य में 'इंडिया' गठबंधन की सरकार बनती है तो वक्फ (संशोधन) अधिनियम को कूड़ेदान में फेंक दिया जाएगा। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता ने मुस्लिम बहुल कटिहार जिले में एक जनसभा को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि उनके पिता एवं राजद प्रमुख लालू प्रसाद ने कभी सांप्रदायिक ताकतों से समझौता नहीं किया, लेकिन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने हमेशा ऐसी ताकतों का साथ दिया है, जिसके कारण राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और उसके सहयोगी संगठन राज्य और देश में नफरत फैला रहे हैं। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को भारत जलाओ पार्टी करार देते हुए कहा कि भाजपा सत्ता में आई तो सांप्रदायिक एजेंडा तेज होगा। तेजस्वी ने कहा, अगर 'इंडिया' गठबंधन सत्ता में आता है तो हम वक्फ अधिनियम को कूड़ेदान में फेंक देंगे। उल्लेखनीय है कि वक्फ (संशोधन) अधिनियम अप्रैल में संसद से पारित हुआ था। सत्ता पक्ष ने इसे पिछड़े मुसलमानों और समुदाय की महिलाओं के लिए पारदर्शिता और सशक्तीकरण का माध्यम बताया है, जबकि विपक्ष का आरोप है कि यह मुसलमानों के अधिकारों को प्रभावित करता है।

## न्यूज इन ब्रीफ

### योगी आदित्यनाथ ने भाजपा अध्यक्ष नड्डा, गृह मंत्री शाह से मुलाकात की

**नयी दिल्ली :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को यहां भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा और गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। दोनों मुलाकात की तस्वीरें आदित्यनाथ ने 'एक्स' पर साझा कीं। शनिवार को उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की थी। उत्तर प्रदेश सरकार ने इन मुलाकातों को शिष्टाचार भेंट बताया था।

### सीबीआई ने करूर भगदड़ मामले की जांच का जिम्मा संभाला

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने करूर में अभिनेता-राजनेता विजय की पार्टी टीवीके की एक रैली के दौरान भगदड़ मचने से संबंधित मामले की जांच का जिम्मा संभाल लिया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई की एक विशेष टीम तमिलनाडु के करूर में स्थित वेलुसामीपुरम में घटनास्थल का दौरा कर चुकी है। सत्ताइस सितंबर को विजय रैली के दौरान भगदड़ मचने से 41 लोगों की मौत हो गई थी जबकि 60 से अधिक व्यक्ति घायल हुए थे। उन्होंने बताया कि प्रक्रिया के अनुसार, सीबीआई ने राज्य पुलिस की प्राथमिकी के आधार पर नयी प्राथमिकी दर्ज कर ली है और स्थानीय अदालत को भी इस घटनाक्रम की जानकारी दे दी है।

### असम की अदालत ने बेटी से बलात्कार के दोषी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई

**नगांव (असम) :** असम के नगांव जिले की एक पॉक्सो अदालत ने 50 वर्षीय एक व्यक्ति को अपनी 13 वर्षीय बेटी के साथ बलात्कार करने और उसे गर्भवती करने के अपराध में आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो) अदालत की अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-विशेष न्यायाधीश चित्रा रानी सैकिया ने शुक्रवार शाम फैसला सुनाया। अदालत ने दोषी को पीड़िता को पांच लाख रुपये का मुआवजा देने का भी आदेश दिया।

# ऑपरेशन सिंदूर और नक्सलवाद के खात्मे ने त्योहारों की रौनक बढ़ायी: मोदी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को छठ पूजा की शुभकामनाएं दीं और कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता और माओवादी समस्या के उन्मूलन के लिए उठाये गए कदमों के कारण इस वर्ष त्योहारों की रौनक पहले से ज्यादा हो गई है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने मासिक रेडियो संबोधन 'मन की बात' के 127वें संस्करण में कहा कि छठ पूजा भक्ति, स्नेह और परंपरा का संगम है और यह भारत की सामाजिक एकता का सबसे सुंदर उदाहरण है। मोदी ने कहा, ''छठ का महापर्व संस्कृति, प्रकृति और समाज



के बीच की गहरी एकता का प्रतिबिंब है। छठ के घाटों पर समाज का हर वर्ग एक साथ खड़ा होता है।'' उन्होंने कहा, ''ये दृश्य भारत की सामाजिक एकता का सबसे सुंदर उदाहरण हैं। आप देश और दुनिया के किसी भी कोने में हों, यदि मौका मिले, तो छठ उत्सव में जरूर हिस्सा लें।'' उन्होंने त्योहारों के इस अवसर पर नागरिकों को लिखे अपने पत्र को याद करते हुए कहा कि देश की उपलब्धियों से इस बार त्योहारों की रौनक पहले से ज्यादा हो गई है। उन्होंने कहा, ''ऑपरेशन सिंदूर' ने हर भारतीय को गर्व से भर दिया है। इस बार उन इलाकों में भी खुशियों के दीप जलाए गए जहां कभी माओवादी आतंक का अंधेरा छाया रहता था। लोग उस माओवादी आतंक का जड़ से खात्मा चाहते हैं जिसने उनके बच्चों का भविष्य संकट में डाल दिया था।''

### छत्तीसगढ़ के कांकेर में 21 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**कांकेर :** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में रविवार को 21 माओवादियों ने अधिकारियों को 18 हथियार सौंपने के बाद आत्मसमर्पण कर दिया। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि इन माओवादियों ने बस्तर रेंज पुलिस द्वारा शुरू की गई 'पूना मार्गेम: पुनर्एकीकरण के माध्यम से पुनर्वास' पहल के तहत हथियार डाले। उन्होंने कहा, '' इन 21 लोगों में संभागीय समिति सचिव मुकेश भी शामिल है। इनमें 13 महिला वाम चरमपंथी हैं। इन 21 लोगों में संभागीय समिति के चार सदस्य, क्षेत्र समिति के नौ सदस्य और आठ निचले स्तर के सदस्य हैं।

## भारतीय तटरक्षक बल ने 11 दिनों से अरब सागर में फंसे 31 मछुआरों को बचाया

**मंगलुरु (कर्नाटक) :** भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) ने 'स्टीयरिंग गियर' की खराबी के कारण 11 दिनों से अरब सागर में भटक रही मछुआरों की नौका आईएफबी सेंट एंटोन-1 पर फंसे 31 मछुआरों को बचा लिया। बल ने यह जानकारी दी। स्टीयरिंग गियर एक यांत्रिक प्रणाली है जो नाव की दिशा को नियंत्रित करने के लिए पतवार को घुमाती है। गोवा की यह नौका मंगलुरु से लगभग समुद्री 100 मील दूर लापता हो गई थी जिसके बाद आईसीजी के कर्नाटक मुख्यालय द्वारा त्वरित कार्रवाई की गई। यहां रविवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, खराब मौसम और समुद्र की ऊंची लहरों की वजह से दूर पहुंच गई संकटग्रस्त नौका की खोज के लिए आईसीजी ने कोच्चि से एक गश्ती पोत आईसीजीएस कस्तूरबा गांधी और एक डोर्नियर विमान को मौके पर भेजा था। विज्ञप्ति में कहा गया है, ''मौसम की वास्तविक समय की जानकारी और एकीकृत परिचालन केंद्र का



उपयोग करते हुए हमने जहाज के संभावित स्थान का अनुमान लगाया।'' डोर्नियर विमान ने शनिवार को नौका को देखा जिसके बाद आईसीजीएस कस्तूरबा गांधी को घटनास्थल पर पहुंचने और क्षति का आकलन करने, मौके पर स्टीयरिंग की मरम्मत करने आदि में मदद मिली। इसके बाद तटरक्षक बल ने मछुआरों की एक अन्य नौका के साथ समन्वय करके आईएफबी सेंट एंटोन-1 को होन्नावर मछली पकड़ने वाले बंदरगाह तक पहुंचाया और चालक दल के सभी 31 सदस्यों सुरक्षा बचा लिए गए।

## सतीश शाह का पार्थिव शरीर पंचतत्व में विलीन: टेलीविजन जगत की हस्तियों ने भावनभीनी अंतिम विदाई दी

**मुंबई :** अभिनेता सतीश शाह को रविवार को परिवार के सदस्यों, मित्रों और फिल्म एवं टेलीविजन उद्योग के सहकर्मियों ने अश्रुपूर्ण अंतिम विदाई दी। उनका दोपहर में विले पार्ले के श्मशान भूमि में अंतिम संस्कार किया गया। शाह की अंतिम यात्रा में अभिनेता नसीरुद्दीन शाह और उनकी पत्नी रत्ना पाठक शाह, प्रशंसक और फिल्म उद्योग के अन्य लोग शामिल हुए। रत्ना पाठक ने ''साराभाई वर्सेस साराभाई'' में सतीश शाह के साथ काम किया था। सतीश शाह का शनिवार को 74 वर्ष की आयु में गुर्दे की बीमारी के कारण निधन हो गया था। उनके परिवार में पत्नी मधु शाह हैं जो पेशे से



डिजाइनर रही हैं। शाह के पार्थिव शरीर को रविवार पूर्वाह्न करीब 11 बजे एम्बुलेंस से बांद्रा (पूर्व) स्थित उनके घर लाया गया। बाद में उसी एम्बुलेंस को गेंदे के फूलों से सजाया गया और वाहन के आगे और पीछे अभिनेता की दो तस्वीरें लगाई गईं। बाद में पार्थिव शरीर को अंतिम संस्कार के लिए विले पार्ले स्थित पवन हंस श्मशान भूमि ले जाया गया। अंतिम संस्कार की जिम्मेदारी शाह के निजी सहायक रमेश कडातला ने निभाई। फिल्म निर्माता अशोक पंडित ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''वह (रमेश) उनके (शाह) बेटे जैसे थे। वह करीब 40 वर्षों से दंपति के साथ थे। यह उनके लिए व्यक्तिगत क्षति है। रमेश ने अपना पूरा जीवन उनके लिए समर्पित कर दिया। अब उन्हें मधु जी की देखभाल करनी होगी, जो अल्जाइमर से पीड़ित हैं। वह लोगों को नहीं पहचानतीं। उन्हें आज सुबह ही (शाह के निधन) के बारे में पता चला।''

## बंगाल की खाड़ी के ऊपर अति निम्न दबाव का क्षेत्र:समुद्री चक्रवात की आशंका

### ओडिशा के सभी जिले अलर्ट पर

**भुवनेश्वर :** बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना निम्न दबाव का क्षेत्र रविवार को और अधिक गहरा हो गया और यह धीरे-धीरे पूर्वी तट की ओर बढ़ रहा है जिसके कारण ओडिशा सरकार ने सभी 30 जिलों को अलर्ट पर रखा है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ओडिशा में 28 और 29 अक्टूबर को बहुत भारी से लेकर अति भारी बारिश होगी। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने ओडिशा के पांच जिलों मलकानगिरी, कोरापुट, रायगढ़, गजपति और गंजाम के लिए रेड अलर्ट और कई अन्य जिलों के लिए ओरेंज और येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने ओडिशा के सभी बंदरगाहों पर दूरस्थ चेतावनी संकेत संख्या-एक (डीसी-ए) प्रदर्शित किया है और मछुआरों को 29 अक्टूबर तक समुद्र में न जाने की सलाह दी है।

अधिकारी लाउडस्पीकर और मेगाफोन का इस्तेमाल करके समुद्र में गए मछुआरों को सचेत कर रहे हैं और उनसे तुरंत किनारे पर लौटने का आग्रह कर रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि प्रशासन सभी मछली पकड़ने वाली नौकाओं की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए स्थिति पर कड़ी नजर रख रहा है। ओडिशा के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री सुरेश पुजारी ने कहा कि राज्य के सभी 30 जिलों को अलर्ट पर रखा गया है और बचाव एवं राहत कार्यों के लिए कर्मचारी और

### पुतिन ने परमाणु इंजन वाली अनोखी क्रूज मिसाइल के सफल परीक्षण की घोषणा की

**मॉस्को :** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने असीमित रेंज वाली अद्वितीय परमाणु ऊर्जा संचालित 'बुरेवेस्त्निक' क्रूज मिसाइल के सफल परीक्षण की रविवार को घोषणा की और सशस्त्र बलों को इसकी तैनाती के लिए बुनियादी ढांचा तैयार करने का आदेश दिया। पुतिन ने 'चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ' और अन्य सैन्य कमांडरों के साथ अपनी बैठक में उल्लेख किया कि हाल में परमाणु शक्तियों के अभ्यास के दौरान 'बुरेवेस्त्निक' क्रूज मिसाइल 15 घंटे तक हवा में रही और उसने सफल परीक्षणों के दौरान 14,000 किलोमीटर की दूरी तय की। इस बैठक का टेलीविजन का प्रसारण किया गया।

## भगवद्गीता आधुनिक विश्व के लिए 'ज्ञान का अमृत' है: चीनी विद्वान

**बीजिंग :** भगवद्गीता 'ज्ञान का अमृत' और 'भारतीय सभ्यता का लघु इतिहास' है जो आधुनिक समय में लोगों के सामने आने वाली आध्यात्मिक और भौतिक दुविधाओं का समाधान करती है। यह बात प्रसिद्ध चीनी विद्वानों ने प्राचीन भारतीय ग्रंथ की सार्वजनिक तौर पर प्रशंसा में कही जो अपने आप में एक दुर्लभ मामला है। यहां शनिवार को भारतीय दूतावास द्वारा आयोजित 'संगमम - भारतीय दार्शनिक परंपराओं का संगम' विषय पर एक संगोष्ठी में भगवद्गीता पर बोलते हुए चीनी विद्वानों ने गीता को भारत का दार्शनिक विश्वकोश बताया और भौतिक एवं आध्यात्मिक गतिविधियों के बीच सामंजस्य स्थापित करने की इसकी कालातीत अंतर्दृष्टि पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता 88 वर्षीय प्रोफेसर झांग बाओशेंग थे, जिन्होंने भगवद्गीता का चीनी भाषा में अनुवाद किया है। गीता को एक आध्यात्मिक महाकाव्य और भारत का दार्शनिक विश्वकोश बताते हुए, उन्होंने कहा कि इसका अनुवाद आवश्यक था क्योंकि यह भारत के आध्यात्मिक दृष्टिकोण - कर्तव्य, कर्म और वैराग्य के प्रति उसके विचारों - को प्रकट करता है, जो आज भी भारतीय जीवन को आकार देते हैं।

## मैं पाक-अफगान युद्ध का समाधान 'बहुत जल्द' निकालूंगा: अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप

**इस्लामाबाद/कुआलालंपुर :** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को कहा कि वह पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच संघर्ष को बहुत जल्द सुलझा लेंगे। उन्होंने पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सेना प्रमुख आसिम मुनीर को ''महान व्यक्ति'' करार दिया। मलेशिया में आसियान शिखर सम्मेलन से इतर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच हालिया तनाव के बारे में बात की। उन्होंने कहा, ''मैं उन दोनों को जानता हूँ... पाकिस्तान के फील्ड मार्शल और प्रधानमंत्री दोनों ही बहुत महान लोग



हैं, और मुझे पता है कि हम इसे जल्द ही पूरा कर लेंगे। यह काम कुछ दिन पहले ही शुरू हुआ है।'' पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच जब लड़ाई शुरू हुई तो अमेरिकी राष्ट्रपति ने शांति स्थापित करने में सहायता करने में तुरंत रुचि व्यक्त की, हालांकि उस समय वह हमास और इजराइल के बीच बंधकों की अदला-बदली की देखरेख में व्यस्त थे। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, ''क्योंकि मैं युद्ध सुलझाने में अच्छा हूँ, मैं शांति स्थापित करने में भी अच्छा हूँ।'' इस बीच, पाकिस्तान और अफगानिस्तान ने सीमा पार आतंकवादी गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए एक संयुक्त निगरानी और निरीक्षण तंत्र स्थापित करने के लिए इस्तांबुल में दूसरे दौर की वार्ता की। हालांकि, इस्लामाबाद ने चेतावनी दी कि यदि वार्ता में आतंकवाद के बारे में उसकी मुख्य चिंता का समाधान नहीं हुआ तो युद्ध अब भी एक विकल्प है।

## बीजिंग में भारतीय दूतावास ने रवींद्रनाथ टैगोर की प्रतिमा का अनावरण किया

**बीजिंग :** चीन की राजधानी बीजिंग में स्थित भारतीय दूतावास में प्रसिद्ध चीनी मूर्तिकार युआन शिकुन की बनाई नोबेल पुरस्कार विजेता रवींद्रनाथ टैगोर की एक प्रतिमा का अनावरण किया गया। दूतावास की ओर से शनिवार को आयोजित 'संगमम - भारतीय दार्शनिक परंपराओं का संगम' नामक संगोष्ठी के अवसर पर इस प्रतिमा का अनावरण किया गया। चीन में भारतीय राजदूत प्रदीप रावत ने प्रतिमा का अनावरण करते हुए कहा, ''एक सदी पहले टैगोर की चीन यात्रा हमारे सभ्यतागत संवाद में एक उपलब्धि थी।'' रावत ने कहा कि सार्वभौमिक मानवतावाद का टैगोर का संदेश और शू झिमो तथा लियांग किचाओ जैसे



चीनी विद्वानों के साथ उनकी मित्रता दोनों देशों को प्रेरित करती रही है। प्रख्यात मूर्तिकार युआन ने महात्मा गांधी की एक प्रतिमा भी बनाई थी जिसमें वह एक हाथ में किताब लिए बैठे हैं।



### भारत ने अंतरराष्ट्रीय पोलो कप में अर्जेन्टीना को हराया

**नयी दिल्ली :** मेजबान भारत ने रविवार को यहां जयपुर पोलो ग्राउंड में कोग्नीवेरा अंतरराष्ट्रीय पोलो कप में अर्जेन्टीना को करीबी मुकाबले में 10-9 से हरा दिया। भारत के लिए जयपुर के सवाई पद्मनाभ सिंह ने शानदार प्रदर्शन किया। इस करीबी मुकाबले में अंतरराष्ट्रीय पोलो मैच का जुनून, ताकत और साझेदारी सब कुछ देखने को मिला। भारतीय कप्तान सिमरन सिंह शेरगिल ने कहा, ''अर्जेन्टीना के खिलाफ जीतना हमारे लिए शानदार लम्हा है। सभी खिलाड़ियों ने अपना सर्वश्रेष्ठ दिया और प्रशंसकों की ऊर्जा ने हमें और अधिक उत्साहित किया। यह भारतीय पोलो के लिए गौरव का दिन है।''

### भारत एशिया रग्बी एमिरेट्स सेवंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में

**मस्कट :** भारतीय पुरुष रग्बी टीम ने एशिया रग्बी एमिरेट्स सेवंस ट्रॉफी के पहले दिन शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने तीनों मैच जीत कर सेमीफाइनल में जगह बना ली है। भारत ने टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में लेबनान को 14-10 से हराया। इसके बाद उसने अफगानिस्तान पर 26-5 से जीत दर्ज करके अपनी लय बरकरार रखी और क्वार्टर फाइनल में ईरान पर 21-7 से शानदार जीत हासिल की। तीन मैचों में तीन जीत के साथ भारत आसानी से सेमीफाइनल में पहुंच गया जहां उसका मुकाबला सोमवार को सऊदी अरब से होगा। भारत अगर सेमीफाइनल में सऊदी अरब को हरा देता है तो वह न केवल फाइनल में जगह बनाएगा बल्कि पहली बार एशिया रग्बी सेवंस सीरीज के डिवीजन एक में भी पहुंच जाएगा।

# आईसीसी महिला विश्व कप: भारत और बांग्लादेश का मैच बारिश की भेंट चढ़ा



**नवी मुंबई :** भारत और बांग्लादेश के बीच रविवार को यहां खेल जा रहा आईसीसी महिला विश्व कप मैच लगातार बारिश की आंख मिचौली के बीच रद्द करना पड़ा। बारिश के कारण दो बार मिलाकर चार घंटे से अधिक समय तक खेल रुका रहा जिसके कारण पहले इसे 43 और फिर 27 ओवर का कर दिया गया। भारतीय पारी के दौरान जब तीसरी बार बारिश के कारण खेल रुका तो फिर शुरू नहीं हो पाया। डकवर्थ-लुईस पद्धति के तहत बांग्लादेश के 126 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने महज औपचारिकता के इस मैच में 8.4 ओवर में बिना विकेट खोए 57 रन बना लिए थे। बारिश के कारण जब मैच रद्द किया गया तब स्मृति मंधाना 34 जबकि अमनजोत कौर 15 रन बनाकर खेल रहीं थी। भारत पहले ही सेमीफाइनल में जगह बना चुका था और उसका चौथे स्थान पर रहना तय था जबकि बांग्लादेश की टीम टूर्नामेंट से बाहर हो चुकी है। भारत सेमीफाइनल में बृहस्पतिवार को ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगा।

## सुजीत अंडर-23 विश्व चैंपियनशिप के फाइनल में

**नोवी साद (सर्बिया) :** सुजीत कलकल ने सेमीफाइनल के आखिरी क्षणों में शानदार दो अंक के साथ जापान के युतो निशियुची को 3-2 से हराकर रविवार को अंडर-23 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप के पुरुषों के फ्रीस्टाइल 65 किग्रा वर्ग के खिताबी मुकाबले में अपनी जगह पक्की कर ली। सुजीत मुकाबले के अंत तक पिछड़े रहे। जापानी खिलाड़ी ने भारतीय खिलाड़ी को आखिर तक कोई आक्रमण नहीं करने दिया। सुजीत ने 1-2 से पिछड़ते हुए मुकाबला खत्म होने से केवल तीन सेकंड पहले 'डबल लेग अटैक' किया और निशियुची को असंतुलित कर जीत हासिल करने में सफल रहे। सुजीत ने कभी विश्व



खिताब नहीं जीता है लेकिन उनके नाम दो अंडर-23 एशियाई खिताब (2022, 2025) और एक अंडर-20 एशियाई चैंपियनशिप स्वर्ण (2022) है। पिछले साल इसी चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाले सुजीत ने अपने शुरुआती दो मुकाबले तकनीकी श्रेष्ठता से जीते। उन्होंने मोल्दोवा के फियोडोर चेवदारी (12-2) और पोलैंड के डोमीनिक जैकब (11-0) को हराया।

## रहाणे ने छत्तीसगढ़ के खिलाफ 159 रन बनाए, मुंबई के आठ विकेट पर 406 रन

**मुंबई :** पूर्व कप्तान अजिंक्य रहाणे की 159 रन की पारी की बदौलत मुंबई ने रविवार को छत्तीसगढ़ के खिलाफ रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप डी मैच के बारिश से प्रभावित दूसरे दिन अपनी पहली पारी में आठ विकेट पर 406 रन बनाए। पहले दिन 118 रन के स्कोर पर ऐंठन के कारण रिटायर्ड हर्ट होने वाले रहाणे दूसरे दिन बल्लेबाजी के लिए उतरे और 303 गेंद पर 21 चौकों की मदद से 159 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें आदित्य सरवटे (103 रन पर चार विकेट) ने विकेट के पीछे कैच आउट कराया। मुंबई ने दूसरे दिन अपनी पहली पारी पांच विकेट पर 251 रन से आगे बढ़ाई थी और बीकेसी ग्राउंड पर



दूसरे दिन केवल 46 ओवर फेंके गए। दिन का खेल खत्म होने पर आकाश आनंद 60 रन बनाकर खेल रहे थे जबकि तुषार देशपांडे चार रन बनाकर उनका साथ निभा रहे हैं।

## इंग्लैंड की न्यूजीलैंड पर आसान जीत, यादगार नहीं बन पाई डिवाइन की विदाई

**विशाखापत्तनम :** इंग्लैंड ने स्पिनरों के कमाल और एमी जोन्स की शानदार पारी की मदद से रविवार को यहां महिला विश्व कप के मुकाबले में न्यूजीलैंड को आठ विकेट से हराकर स्टार ऑलराउंडर सोफी डिवाइन की विदाई को यादगार नहीं बनने दिया। न्यूजीलैंड की कप्तान डिवाइन ने अपने अंतिम वनडे मैच में टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया लेकिन उनके बल्लेबाज अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतरे और उसकी पूरी टीम 38.2 ओवर में 168 रन पर आउट हो गई। इंग्लैंड ने दो विकेट पर 172 रन बनाकर 124 गेंद शेष रहते हुए आसानी से जीत हासिल की। जोन्स ने 92 गेंद पर नाबाद 86 रन बनाए जिसमें 11 चौके और एक छक्का शामिल है।



उन्होंने टैमी ब्यूमोंट (40) के साथ पहले विकेट के लिए 75 रन और हीथर नाइट (33) के साथ दूसरे विकेट के लिए 83 रन की साझेदारी की। डिवाइन ने नाइट के रूप में अपने करियर का अंतिम विकेट लिया। इस जीत से इंग्लैंड 11 अंक लेकर अंक तालिका में ऑस्ट्रेलिया के बाद दूसरे स्थान पर रहा। इंग्लैंड पहले ही सेमीफाइनल में जगह बना चुका था जहां उसका सामना 29 अक्टूबर को गुवाहाटी में तीसरे नंबर की टीम दक्षिण अफ्रीका से होगा। दूसरा सेमीफाइनल इसके एक दिन बाद भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच नवी मुंबई में खेला जाएगा।

## सैफ सीनियर चैंपियनशिप: भारत पदक तालिका में शीर्ष पर, पाथिरागे ने जीता भाला फेंक का स्वर्ण पदक

**रांची :** श्रीलंका के स्टार भाला फेंक खिलाड़ी रुमेश थरंगा पाथिरागे ने उम्मीदों पर खरा उतरते हुए मीट रिकॉर्ड के साथ आसानी से स्वर्ण पदक जीता जबकि भारत रविवार को सैफ सीनियर चैंपियनशिप की अंतिम पदक तालिका में शीर्ष पर रहा। भारत और श्रीलंका ने बिरसा मुंडा स्टेडियम में तीसरे और अंतिम दिन आठ-आठ स्वर्ण पदक जीते। दूसरे दर्जे की टीम उतारने वाले भारत ने 58 पदक (20 स्वर्ण, 20 रजत, 18 कांस्य) के साथ चैंपियनशिप का समापन शीर्ष पर किया। श्रीलंका 40 पदक (16 स्वर्ण, 14 रजत, 10 कांस्य) के साथ दूसरे स्थान पर रहा। चैंपियनशिप रोमांचक अंदाज में समाप्त हुई जब भारतीय महिलाओं की चार गुणा 400 मीटर रिले चौकड़ी ने आखिरी स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। वहीं 22 वर्षीय पाथिरागे ने तीसरे दौर में 84.29 मीटर के थ्रो के साथ चार पुरुष एथलीट में दबदबा बनाते हुए स्वर्ण पदक जीता और कोलंबो में 1998 चरण में बनाए गए 75.37 मीटर के पिछले मीट रिकॉर्ड को बेहतर बनाया। पाथिरागे ने जुलाई में भारत के दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा द्वारा आयोजित और जीती गई एनसी क्लासिक भाला प्रतियोगिता में तीसरा स्थान हासिल किया था। उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 86.50 मीटर है। सैफ सीनियर चैंपियनशिप ने 17 साल बाद वापसी की।

### पीसीबी महिला टीम के मुख्य कोच वसीम को बर्खास्त करने की तैयारी में

**कराची :** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने भारत में चल रहे महिला एकदिवसीय विश्व कप में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद महिला राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच मुहम्मद वसीम का अनुबंध नहीं बढ़ाने का फैसला किया है। पाकिस्तान आठ टीमों की प्रतियोगिता तालिका में सातवें स्थान पर रहा, लेकिन अगर बांग्लादेश अपने आखिरी मैच में अच्छा प्रदर्शन करता है तो वह आखिरी स्थान पर खिसक सकता है। पाकिस्तान ने अपने सात मैचों में से चार मैच गंवाए जबकि उसके बाकी तीन मैच बारिश की भेंट चढ़ गए थे। पीसीबी के एक विश्वसनीय सूत्र ने बताया कि बोर्ड के अध्यक्ष मोहसिन नकवी इस बात से निराश हैं कि वसीम ने वादे के अनुसार काम नहीं किया।

# SPK JAIN FUTURISTIC ACADEMY

GYAN I DARSHAN I CHARITRA

A unit of Shree S S Jain Sabha

Cfore SCHOOL RANKINGS 2025

## IS YOUR CHILD STUDYING IN ONE OF INDIA'S TOP 20 INTERNATIONAL SCHOOLS?

JFA has ranked among the top 20 'BEST EMERGING INTERNATIONAL SCHOOLS' in India by Cfore Survey 2025.

## ADMISSIONS OPEN

## 2026-27

## TODDLER TO GRADE IX




SOURCE

| RANKING 2025 | SCHOOL NAME | TOTAL SCORE (1350) |
|---|---|---|
| 01. | NITA MUKESH AMBANI JUNIOR SCHOOL, MUMBAI | 1159 |
| 02. | HARROW SCHOOL BENGALURU | 1158 |
| 02. | THE SHRI RAM ACADEMY, HYDERABAD | 1158 |
| 03. | ADANI INTERNATIONAL SCHOOL, AHMEDABAD,GUJARAT | 1156 |
| 03. | INDUS ALTUM INTERNATIONAL SCHOOL, BELAGAVI,KARNATAKA | 1156 |
| 04. | CHATRABHUJ NARSEE SCHOOL, PUNE,MAHARASHTRA | 1130 |
| 05. | RP GOENKA INTERNATIONAL SCHOOL, KOLKATA,WEST BENGAL | 1125 |
| 06. | FINLAND INTERNATIONAL SCHOOL, PUNE,MAHARASHTRA | 1118 |
| 07. | KEYSTONE SCHOOL, HYDERABAD,TELANGANA | 1117 |
| 07. | ADANI GEMS SCHOOL OF EXCELLENCE, LUCKNOW,UTTAR PRADESH | 1117 |
| 07. | NEW YORK ACADEMY, HYDERABAD,TELANGANA | 1117 |
| 08. | ANAND NIKETAN SARKHEJ,GUJARAT | 1112 |
| 08. | 10X INTERNATIONAL SCHOOL, BENGALURU,KARNATAKA | 1112 |
| 09. | LEARNERS INTERNATIONAL, GREATER NOIDA,DELHI NCR | 1105 |
| 10. | THE SCHOOL OF RAYA BENGALURU,KARNATAKA | 1102 |
| 10. | SILVER OAKS INTERNATIONAL SCHOOL, BOWRAMPET CAMPUS,HYDERABAD,TELANGANA | 1102 |
| 11. | MAHARAJA SAWAI MAN SINGH VIDYALAYA, JAIPUR RAJASTHAN | 1092 |
| 12. | VALISTUS INTERNATIONAL SCHOOL , BENGALURU,KARNATAKA | 1091 |
| 13. | WELLINGTON COLLEGE INTERNATIONAL, PUNE,MAHARASHTRA | 1084 |
| 14. | I CAN INTERNATIONAL SCHOOL, MYSURU,KARNATAKA | 1083 |
| 15. | HERITAGE XPERIENTIAL LEARNING SCHOOL, NOIDA,DELHI NCR | 1077 |
| 16. | HEARTFULNESS INTERNATIONAL SCHOOL, HYDERABAD,TELANGANA | 1076 |
| 17. | SPK JAIN FUTURISTIC ACADEMY, KOLKATA,WEST BENGAL | 1073 |
| 18. | NAFL, JAKKUR,KARNATAKA | 1063 |
| 19. | THE GERA SCHOOL,GOA | 1062 |
| 20. | FOUNDATION WORLD SCHOOL, SRI NAGAR,J&K | 1032 |

IGCSE (Cambridge) | CBSE

K-XII Experiential Learning School

## CO-SCHOLASTIC

- FILM MAKING & PHOTOGRAPHY
- ROBOTICS
- DANCE
- JUDO
- MUSIC
- SPORTS
- GYMNASTICS / RIFLE SHOOTING
- ROLLER SKATING
- POTTERY
- ART
- CHESS
- YOGA

## Visit: www.jfaedu.com

Email: admissions@jfaedu.com | Call: 91635 22225

वर्ष 10, पूर्णांक 3394 अंक 204, RNI No WBHIN/2016/66788, सवांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित। सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in